अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com | उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र | आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

**गाँव से गवर्नेन्स तक**



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, अम्बेडकरनगर, एटा, औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर, श्रावस्ती, उरई, जालौन, फिरोजाबाद, हरदोई, मथुरा, कानपुर, ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 224 | लखनऊ, रविवार, 01 मार्च 2026 | पृष्ठ: 8 | मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### ईरान ने खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों और इजराइल पर दागीं मिसाइलें

तेहरान/दोहा/तेल अवीव। मध्य पूर्व में एक बार फिर सैन्य तनाव चरम पर पहुंच गया है। ईरान ने दावा किया है कि उसने शनिवार सुबह स्थानीय समयानुसार अमेरिका और इजराइल द्वारा किए गए हमलों के जवाब में खाड़ी क्षेत्र में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों तथा इजराइल की दिशा में दर्जनों बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) से संबद्ध मीडिया संस्थान के अनुसार इजराइल की ओर ह्लदर्जनोंङ्क मिसाइलें छोड़ी गईं। क्षेत्र के कई देशों में विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं और मिसाइल रोधी प्रणालियां सक्रिय कर दी गईं। आसमान में धमाकों और इंटरसेप्टर मिसाइलों की आवाजाही से नागरिकों में दहशत का माहौल देखा गया। ईरान ने जिन अमेरिकी सैन्य अड्डों को निशाना बनाने का दावा किया है, उनमें कतर का अल-उदेद एयर बेस, कुवैत का अल-सलेम एयर बेस, संयुक्त अरब अमीरात का अल-दाफरा एयर बेस और बहरीन स्थित अमेरिकी नौसैनिक अड्डा शामिल हैं।

### चौदह साल की लड़कियों के लिए देशव्यापी एचपीवी वैक्सीनेशन प्रोग्राम की शुरुआत

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अजमेर से 14 साल की लड़कियों के लिए देशव्यापी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और कई अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। इस अभियान की शुरुआत होते ही सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में भी एचपीवी टीकाकरण की शुरुआत की गई। यह अभियान भारत में सर्वाइकल कैंसर से लड़ने और नारीशक्ति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता ही हमारा परिवार है : योगी

## मुख्यमंत्री योगी ने होली पर्व पर 1.86 करोड़ उज्ज्वला परिवारों को दिया सब्सिडी का उपहार, 1500 करोड़ रुपये वितरित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

● हमारी सरकार महिला सुरक्षा, स्वावलंबन और सशक्तीकरण पर काम कर रही है : मुख्यमंत्री

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ में होली पर्व पर प्रदेश के 1.86 करोड़ उज्ज्वला परिवारों को बड़ा उपहार देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से गैस सिलिंडर रीफिल सब्सिडी की 1,500 करोड़ की धनराशि वितरित की । लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 10 महिला लाभार्थियों को प्रतीक स्वरूप चेक प्रदान किए और कहा कि उनकी सरकार महिलाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन के लिए लगातार काम कर रही है। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी डिजिटल माध्यम से जुड़े।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपना संबोधन प्रदेशवासियों को होली की बधाई देकर शुरु किया और कहा कि होली पर्व समता का पर्व है । इस पर्व में न कोई बड़ा न कोई छोटा होता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन सरकार ने यह योजना 2022 में शुरू की थी। इसी कड़ी में आज 1500 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई गई है। लाभार्थी होली के पहले या होली के बाद अपने नजदीकी एजेंसी से भरा हुआ सिलिंडर फ्री में ले सकते हैं। योजना का लाभ सबको देने का एक ही मंत्र है 'सबका साथ सबका विकास'। उज्जवला परिवार को 09 सिलिंडर पर पहले से मोदी सरकार सब्सिडी दे रही है और अब होली पर हम फ्री भरा हुआ सिलेंडर दे रहे हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि आयुष्मान कार्ड से पांच लाख तक का कैशलेस इलाज मिलता है। शिक्षक और शिक्षणेतर कर्मियों को भी इससे जोड़ा गया है। समाजवादी पार्टी का नाम लिए बिना मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले माफिया शासन चलाते थे। पर्व के पहले उपद्रव हो जाते थे और फिर कर्फ्यू लग जाता था लेकिन आज स्थिति बिल्कुल बदल गई है और देश - दुनिया का हर बड़ा निवेशक उत्तर प्रदेश आना चाहता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार महिला सुरक्षा, स्वावलंबन और सशक्तीकरण पर काम कर रही है। ब्रजेश पाठक ने सर्वाइकल कैंसर से लड़ रही बेटियों के लिए व्यवस्था की। 2100 रुपये का इंजेक्शन अब 300 रुपये में मिलेगा। पहले के लोगों के लिए उनका परिवार की प्रदेश था और परिवार पूरे प्रदेश को नोचने के लिए जुटा रहता था हमारे लिए पूरा प्रदेश परिवार है। हाल ही में प्रस्तुत किए गए उत्तर प्रदेश के बजट की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लखपति दीदी का कार्यक्रम हो या सीमार्ट। महिलाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। महिला उद्यमी जो भी उत्पाद बनाएंगी उसकी बिक्री की समुचित व्यवस्था की जा रही है; महिला उत्पाद विपणन केंद्र के माध्यम से बेचे जाएंगी;मुख्यमंत्री महिला उद्यमी क्रेडिट कार्ड का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए ब्याजमुक्त ऋण दे रही है;सुमंगला योजना समेत विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार से जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में पहले महिला श्रम बल पहले 13 फीसदी थी लेकिन अब सुरक्षा का माहौल होने से यह बढ़कर 36 फीसदी हो गया है। मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाद में एक लाख की मदद दी जाती है। आज सरकार हर बेटी का कन्यादान करने के लिए तैयार है। राशन की दुकानों में पहले ई-पॉश मशीनें नहीं थीं, आज ई-पॉश मशीनों से पारदर्शिता आई है। यह दुकानें नशा का सामान छोडकर हर प्रकार की वस्तु का विक्रय कर सकती हैं। आज गांव की बेटी गांव में ही बीसी सखी के रूप में काम कर रही हैं। गांव में कई प्रकार के रोजगार की सुविधाएं दी जा रही हैं। पर्व उत्साह के होता हैं। इस मौके पर आपसी भेदभाव दूर करने वाले कार्यक्रम होने चाहिए। इसके पहले कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि होली पर सब गिले शिकवे भुला देते हैं। उन्होंने योगी सरकार में चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि पूछा कि इनका लाभ आप लोगों को मिल रहा है या नहीं । कार्यक्रम में लोगों ने कहा हां लाभ मिल रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की शुरुआत की थी ताकि महिलाओं को खाना बनाते समय धुएं की परेशानी न उठानी पडी जैसी उन्होंने बचपन में अपनी मां की परेशानी देखी थी। इस कार्यक्रम में लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, जय देवी, विधान परिषद सदस्य अवनीश कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधि और लाभार्थी उपस्थित रहे।

# मुस्लिम लीग की नफरत से हुआ देश का विभाजन, कांग्रेस भी उसी राह पर: मोदी

● प्रदेश को दी 16 हजार 680 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात

एजेंसी



अजमेर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को राजस्थान के अजमेर में कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि जिस तरह मुस्लिम लीग की भारत के प्रति नफरत ने देश का विभाजन कराया था, उसी तरह आज कांग्रेस देश को बदनाम करने और कमजोर करने की राजनीति कर रही है। उन्होंने हाल ही में दिल्ली में आयोजित एआई शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय युवा कांग्रेस के 'शर्टलेस प्रदर्शन' को देश की छवि धूमिल करने का प्रयास बताया। प्रधानमंत्री प्रदेश को 16,680 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात देने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली में आयोजित एआई शिखर सम्मेलन में दुनिया के कई देशों के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मंत्री और बड़ी कंपनियों के प्रमुख शामिल हुए थे और उन्होंने भारत की उपलब्धियों की सराहना की, लेकिन कांग्रेस ने विदेशी मेहमानों के सामने 'ड्रामा' कर देश को बदनाम करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि लगातार चुनावी हार से निराश कांग्रेस देश की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रही है। मोदी ने माओवादियों पर भी संविधान और लोकतंत्र से घृणा करने का आरोप लगाते हुए कहा, इतिहास गवाह है कि मुस्लिम लीग भारत से नफरत करती थी और उसी कारण देश का विभाजन हुआ।

# यूजीसी और केजरीवाल-संयोग है या प्रयोग

● यूजीसी रेगुलेशन लाकर और शीर्ष कोर्ट के आदेश से स्थगित करा सवर्णों का मापा गया है तापमान

● केजरीवाल को शराब घोटाले में आरोपी बनाया और कोर्ट से कथित राहत दिला कांग्रेस को फंसाया

● दोनों मामले मोदी सरकार का एक प्रयोग हैं, जिनके रिजल्ट अब धीरे-धीरे आ रहे हैं सबके सामने

अभयानंद शुक्ल, कार्यकारी सम्पादक



लखनऊ। कहते हैं कि राजनीति में कुछ भी अचानक या बिना सोच-विचार के नहीं होता है। सब कुछ पहले से एक तय पटकथा के तहत सामने आता है। ऐसा ही कुछ यूजीसी रेगुलेशन और केजरीवाल के मामले में दिखाई दे रहा है। दोनों ही मामलों के घटनाक्रमों पर गौर करें तो वे टेस्ट केस की तरह लगते हैं। यूजीसी में अगर सवर्णों का तापमान नापा गया है तो केजरीवाल के मामले में कांग्रेस को फंसाने की कथित कोशिश की गई है। हालांकि दोनों ही मामले अभी फाइनल नहीं हैं। इसके अलावा इन फैसलों से एक नैरेटिव भी बन गया है कि हमारी न्यायपालिका निष्पक्ष है।

यूजीसी रेगुलेशन लागू करना और उसके बाद उस पर सुप्रीम कोर्ट की तत्काल रोक तथा केजरीवाल पर शराब घोटाले का आरोप लगना और लोअर कोर्ट द्वारा उन्हें बरी करना किसी पूर्व लिखित पटकथा का हिस्सा प्रतीत होते हैं। ऐसा लगता है कि दोनों मामले दबाव बनाने की रणनीति के तहत लाए गए हों। बताते हैं कि सवर्ण कितना रिएक्ट कर सकते हैं, यह देखने के लिए यूजीसी रेगुलेशन लाया गया है, और अरविंद केजरीवाल कितना विरोध कर सकते हैं, यह देखने के लिए उनके खिलाफ शराब घोटाले का मामला लाया और कथित तौर पर खत्म किया गया। और दोनों ही मामलों में जिस तरह से कोर्ट ने हस्तक्षेप कर मामले डाइल्यूट किए हैं, उससे तो यही लगता है कि दोनों ही मामलों में मोदी सरकार की कोई रणनीति काम कर रही है।

बात पहले यूजीसी रेगुलेशन की। इस रेगुलेशन को लाकर सवर्णों का तापमान जानने की कोशिश और पिछड़ों को खुश करने का प्रयास किया गया है। फिर जनहित याचिका के जरिए उसे रोककर अब उसके सियासी नफा-नुकसान पर मंथन चल रहा है। वैसे एक चर्चा यह भी है कि यूजीसी रेगुलेशन यूपी के सीएम योगी को घेरने के लिए लाया गया है। सूत्रों का कहना है कि इसके जरिए मोदी सरकार ये देखना चाहती है कि क्या सवर्णों की नाराजगी के बाद भी योगी विधानसभा का चुनाव जीत सकते हैं। यदि हां तो ये माना जाएगा कि पिछड़े भाजपा के साथ हैं, और सवर्णों की नाराजगी का कोई असर नहीं है। और ऐसे में पिछड़ों को और करीब लाने के लिए लोकसभा चुनाव के पहले ही यूजीसी रेगुलेशन को अंतिम तौर भी पर लाया जा सकता है। और यदि यूपी में हार हुई तो फिर योगी नामक कांटे का खात्मा। यानी कहीं पर निगाहें और कहीं पर निशाना।

सूत्रों का कहना है कि इसी प्रकार केजरीवाल के मामले में भी भाजपा ने गेम खेला है। इडी और सीबीआई लगाकर कानून के शिकंजे में लाए गए अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत सभी आरोपितों को कथित तौर पर लोअर कोर्ट से राहत दिलाकर ये देखने की कोशिश है कि राहत मिलने पर केजरीवाल और कांग्रेस का क्या रिएक्शन होगा। और ये दांव कारगर साबित हुआ। दिख गया है कि कांग्रेस ने केजरीवाल को निशाने पर लिया तो केजरीवाल भी फायर हो गये। और फिर तापमान पता चलते ही लोअर कोर्ट के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील भी हो गई। और जैसा कि अक्सर होता है कि लोअर कोर्ट के आदेश पर हाईकोर्ट की रोक और केस फिर चालू। अंदाजा है कि इस मामले में भी यही हो सकता है। जैसा कि अभी केरला स्टोरी पार्ट दो के मामले में हुआ है। पहले हाईकोर्ट की सिंगल बेंच रिलीज पर रोक लगाती है और फिर हाईकोर्ट की ही डबल बेंच रोक हटा देती है।

ऐसे में अब यूजीसी रेगुलेशन का क्या होगा, ये तो यूपी विधानसभा का परिणाम आने के बाद ही पता चलेगा, लेकिन केजरीवाल के मामले का सुखद परिणाम तो आ ही गया। केजरीवाल को राजनीतिक संजीवनी मिल गई है, ताकि वे गुजरात और पंजाब में सक्रिय होकर कांग्रेस का खेल बिगाड़ें और भाजपा को फायदा मिल सके। यानी यहां भी एक पंथ दो काज। जैसा कि सभी जानते हैं कि गुजरात और पंजाब में कांग्रेस एक बड़ा स्टेक होल्डर है। इसीलिए केजरीवाल को पिंजरे से बाहर निकाला गया है। शायद इसीलिए कांग्रेस भी आरोप लगा रही है कि ये केजरीवाल और भाजपा की मिलीभगत है, क्योंकि पंजाब और गुजरात में केजरीवाल के आ जाने से लड़ाई त्रिकोणीय होगी। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा भी आरोप लगाते हैं कि इसीलिए केजरीवाल को भाजपा की वाशिंग मशीन में धो-पोंछ कर बाहर निकाल दिया गया है, ताकि वे चुनावी लड़ाई को प्रभावित कर सकें। खेड़ा इसे भाजपा-आप का खेल बता रहे हैं। अब कांग्रेस को जवाब देते हुए अरविंद केजरीवाल का कहना है कि मैं तो ये कहता हूं कि कांग्रेस और बीजेपी मिली हुई हैं। अगर ऐसा नहीं है तो सोनिया, राहुल और राबर्ट वाड्रा अभी तक गिरफ्तार क्यों नहीं किए गए, क्यों सिर्फ अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह ही गिरफ्तार किए गए। यानी उनके निशाने पर कांग्रेस अधिक और भाजपा कम है। अब सच्चाई क्या है, ये तो आने वाला समय बताएगा, पर भाजपाइयों का कांफिडेंस इस कहानी की चुगली तो कर ही रहा है।

# एसआईआर : पश्चिम बंगाल में अंतिम मतदाता सूची जारी, 63 लाख नाम कटे

एजेंसी

कोलकाता। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के बाद भारत निर्वाचन आयोग ने शनिवार को अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी। इस प्रक्रिया में करीब 63 लाख 66 हजार अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और डुप्लिकेट नाम हटा दिए गए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल ने प्रेस वार्ता में बताया कि ड्राफ्ट सूची में दर्ज सात करोड़ 66 लाख मतदाताओं की संख्या अब सात करोड़ चार लाख रह गई है।

अग्रवाल ने विस्तार से कहा, ''विशेष गहन पुनरीक्षण के पहले चरण में ड्राफ्ट सूची से तीन लाख 75 हजार



मतदाता हटाए गए, जबकि एक लाख 82 हजार नए मतदाता शामिल किए गए। इसके अलावा 60 लाख मतदाता 'विचाराधीन' श्रेणी में हैं, जिनके मताधिकार पर स्थानीय न्यायिक अधिकारी निर्णय लेंगे।''

उन्होंने इस विशाल अभियान में हुई छोटी-मोटी गलतियों को स्वीकार करते हुए कहा कि आयोग ने तुरंत सुधार किया। दिसंबर में जारी ड्राफ्ट सूची से पहले ही 58 लाख से अधिक नाम हटा चुके थे, और 'विचाराधीन' नामों के फैसले के बाद यह संख्या और बढ़ेगी।

प्रक्रिया में कुल सात करोड़ आठ लाख लोगों ने एन्यूमरेशन फॉर्म जमा किया था, जिनमें से एक करोड़ 50 लाख से अधिक मतदाताओं, जिनमें तार्किक विसंगतियों और अनियोजित श्रेणी वाले शामिल थे, की विभिन्न केंद्रों पर सुनवाई की गई। सूत्रों के अनुसार, शनिवार दोपहर से सभी जिलों में मतदाता सूची की भौतिक प्रतियां वितरित हो रही हैं, और शाम तक यह ऑनलाइन उपलब्ध हो जाएगी। ममता बनर्जी के भवानीपुर क्षेत्र में 47 हजार नाम हटेमुख्यमंत्री ममता बनर्जी के दक्षिण कोलकाता स्थित भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र (कुल एक लाख 61 हजार मतदाता) से 47 हजार 111 अनुपस्थित-स्थानांतरित-मृत-डुपलिकेट नाम हटा दिए गए। साथ ही 14 हजार 154 नाम 'विचाराधीन' हैं, जिनका फैसला न्यायिक अधिकारियों को करना है।

# आलू पर भी चढ़ा होली का रंग!

दिनेश दुबे

● पखवारे भर में ही बदल गई आलू के भाव की तस्वीर !

कन्नौज। देश के सबसे बड़े आलू उत्पादक क्षेत्र कन्नौज में होली का त्यौहार आते आते किसानों के मुरझाए हुए चेहरे मुस्कान बिखेरने लगे हैं ! कारण पखवारे भर में ही आलू के भाव की तस्वीर बदल गई है, बीते पखवारे से आलू का भाव सवाया हो गया है ! ये बात अलग है कि आलू किसानों को अब और अधिक सावधानी बरतनी पड़ेगी, क्योंकि त्योहारी सीजन में बढ़े हुए भाव अचानक बढ़ी खपत के साथ ही कृत्रिम भी हो सकते हैं।

ग़ौरतलब हो कि इस वर्ष अकेले कन्नौज जिले में 55 हजार हेक्टेयर भूमि में आलू बोने का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें 20.10 लाख मीट्रिक टन आलू पैदा होने की उम्मीद थी। पिछले एक महीने से जिले में आलू की खुदाई चल रही है, जो इस महीने के अंत तक जारी रहेगी। गत वर्ष कन्नौज जिले में 54 हजार हेक्टेयर भूमि पर आलू बोया गया था, जिसमें 19.44 लाख मीट्रिक टन आलू उत्पादित होना था। किंतु अनुमान और कच्ची फसल की बिक्री के बाद जिले के 186 शीतगृहों में 16.61 लाख मीट्रिक टन आलू भंडारित किया गया था। गौर करने की बात ये है कि इससे पहले वर्ष 2024 में आलू के भाव ने रिकॉर्ड स्थापित करते हुए जनपद सहित पड़ोसी जिले के किसानों को भी भारी मुनाफा दिया था। करीब 11 हजार रुपए प्रति बीघा की लागत लगाने वाले किसान को




लागत निकालकर 20 से 25 हजार रुपए प्रति बीघा आलू की फसल से मुनाफा हुआ था। शायद यही वजह थी कन्नौज के आलू किसानों ने फिर से आलू की फसल को सोना बनाने की नियति से बीते वर्ष 2025 में अपने आलू की समय पर बिक्री न करके अंत तक शीतगृहों में भंडारित रखा, फलस्वरूप उन्हें भारी घाटा उठाना पड़ा। चालू वित्तीय वर्ष में कन्नौज के आलू किसानों को बुवाई के समय से ही उतार चढ़ाव का सामना करना पड़ रहा है, कन्नौज में आलू बुवाई के समय सितंबर 2025 में हुई दो बार भारी बारिश के चलते हजारों बीघा आलू की फसल बर्बाद हो गई। जिसके कारण किसानों को दुबारा दांव लगाना पड़ा। दूसरी ओर कच्चे आलू की बाजार में आमद के समय शीतगृहों से निकले सस्ते आलू की वजह से बाजार भाव मुनाफ़े से काफी दूर रहा जिस कारण किसानों को आलू की पक्की फसल करना मजबूरी हो गया। पक्के आलू की फसल फरवरी माह के पहले हफ्ते में जब खेत से बाजार आई तो आलू का भाव किसानों के लागत और सामान्य मुनाफ़े के करीब भी नहीं पहुंच पाया, जिसके चलते पिछले तीन हफ्तों से किसानों के चेहरे मुरझाए हुए थे। जिले के आलू किसान परम्परागत ढंग से अपना आलू शीतगृहों में भंडारित करने में जुटे हुए थे। त्योहारी सीजन में फसल बेचकर घर वार चलाने वाले किसानों को फसल के वाजिब दाम न मिलने के कारण कर्ज लेकर काम चलाना पड़ रहा था, लेकिन पिछले बुधवार से शुरू हुए होलिकाष्टक से आलू के बाजार भाव में धीरे धीरे ऊछाल देखने को मिल रहा है। इस लिहाज़ अगर यूं कहा जाए तो गलत न होगा कि आलू पर भी होली का रंग चढ़ रहा है।

# आंध्र प्रदेश में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट के बाद लगी आग, 18 की मौत व 8 गंभीर

एजेंसी

काकीनाडा। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले के समरलाकोटा मंडल के वेटलापालेम गांव में शनिवार की दोपहर एक पटाखा फैक्टरी में भीषण धमाका होने के बाद आग लग गई। इस हादसे में 18 लोगों की मौत हुई, जिसमें अब तक 11 लोगों की पहचान हो गई। घटना के बाद जिले के वरिष्ठ अधिकारी मौके पहुंच गए औरबचाव व राहत कार्य शुरू किय गया। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। गंभीर रूप से झुलसे आठ लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर दुख जताया और अधिकारियों को पीड़ितों



की हरसंभव मददपहुंचाने के निर्देश दिए हैं। जिले के समरलाकोटा मंडल के वेतलापलेम इलाके में गोदावरी नहर के पास सूर्यश्री पटाखा फैक्टरी में काम हो

रहा था। उसी समय फैक्टरी में अचानक धमाका हो गया और उसके बाद भीषण आग लग गई और पूरे इलाके में घना धुआं फैल गया

सूचना मिलने पर वरिष्ठ अधिकारी और दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची और बचाव व राहत कार्य शुरू कर दिया। गंभीर रूप से घायल लोगों को एम्बुलेंस से स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। इस घटना में 18 लोगों की मौत होने की खबर है। इनमें से अभी तक 11 मृतकों की पहचान हो सकी है। मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं हैं। पुलिस ने अन्य आठ लोगों को काकीनाडा के अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब धमाका हुआ तो बहुत तेज़ आवाज़ हुई। धमाके से आस-पास के गांवों के लोग घबरा गए। भीषण धमाके की आवाज करीब पांच किमी तक सुनी गई। आवाज की तीव्रता के कारण पास के गांव के एक प्राइवेट स्कूल के स्लैब में दरारें आ गईं।

# प्रदेश के सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में आयुष्मान कार्डधारकों को इलाज की सुविधा देगी योगी सरकार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- वर्तमान में केवल प्रयागराज के कैंटोनमेंट अस्पताल में आयुष्मान कार्डधारकों का हो रहा इलाज



लखनऊ। आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान कार्ड) के लाभार्थियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। प्रदेश के सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में भी आयुष्मान कार्डधारकों को इलाज की सुविधा देगी। इसके लिए जल्द ही स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज) 12 कैंटोनमेंट अस्पतालों के साथ एक एमओयू पर साइन किए जाएंगे। दरअसल, प्रदेश में कुल 13 कैंटोनमेंट अस्पताल हैं। अभी केवल प्रयागराज कैंटोनमेंट अस्पताल में आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज किया जा रहा है। इसके सफल परिणाम को देखते हुए योगी सरकार ने अब प्रदेश के अन्य कैंटोनमेंट अस्पतालों में आयुष्मान कार्डधारकों को इलाज मुहैया कराने का निर्णय लिया है। स्टेट एजेंसी फार कामप्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि इसी वर्ष जनवरी से प्रयागराज के कैंटोनमेंट अस्पताल में आयुष्मान कार्डधारकों का निशुल्क इलाज किया जा रहा है। वहां मरीजों को कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, मेडिकल एंड सर्जिकल ऑन्कोलॉजी आदि गंभीर बीमारियों के इलाज की सुविधा दी जा रही है। इसके साथ ही मुफ्त ओपीडी अप्वाइंटमेंट, मुफ्त जांच एवं गंभीर मरीजों को मुफ्त परिवहन की सुविधा दी जा रही है, जिसके सफल परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि इसकी सफलता के बाद अब प्रदेश के अन्य 12 कैंटोनमेंट अस्पतालों के साथ एमओयू साइन किया जाएगा। इसके लिए स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज) ने लगभग सभी औपचारिकताएं प्रक्रिया पूरी कर ली है। उन्होंने बताया कि एमओयू के बाद लखनऊ, कानपुर, मेरठ, बरेली, वाराणसी, अयोध्या, शाहजहांपुर, मथुरा, आगरा, फतेहपुर, झांसी और बबीना के कैंटोनमेंट अस्पतालों में आयुष्मान कार्डधारक मरीजों का उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। इन अस्पतालों के जुड़ने से प्रदेश में आयुष्मान योजना के तहत पैनल्ड अस्पतालों की संख्या और अधिक बढ़ जाएगी। साचीज की सीईओ डॉ. पूजा यादव ने बताया कि कैंटोनमेंट अस्पतालों के साथ समन्वय से आयुष्मान कार्डधारक को बेहतर विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध होंगी। विशेष रूप से गंभीर और जटिल बीमारियों से ग्रस्त मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। इसके साथ ही गंभीर रोगियों के लिए पिक एंड ड्रॉप की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों को अस्पताल तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में आवश्यक प्रक्रियाओं को आयुष्मान योजना के अनुरूप ढाला जा रहा है। एमओयू के बाद इन अस्पतालों को योजना के पोर्टल से जोड़ा जाएगा, जिससे मरीजों के उपचार, बिलिंग और क्लेम सेटलमेंट की प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरी की जा सकेगी। योगी सरकार की पहल से सेना क्षेत्र के अस्पतालों की आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का लाभ आम नागरिकों को भी मिलेगा। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ने वाला दबाव भी संतुलित होगा।

# डॉ. राजेंद्र प्रसाद का व्यक्तित्व भारतीय लोकतंत्र की मजबूत नींव : केशव प्रसाद मौर्य

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि पर किया नमन



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास सात कालिदास मार्ग पर देश के प्रथम राष्ट्रपति एवं 'भारत रत्न' से सम्मानित डॉ. राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद का व्यक्तित्व भारतीय लोकतंत्र की मजबूत नींव, त्याग, सादगी और राष्ट्रसेवा का प्रतीक है। स्वतंत्रता संग्राम में उनका अतुलनीय योगदान तथा संविधान निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका सदैव स्मरणीय रहेगी। उन्होंने देश के प्रथम राष्ट्रपति के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन अत्यंत गरिमा, निष्पक्षता और समर्पण के साथ किया, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श है। श्री मौर्य ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जीवन हमें यह संदेश देता है कि उच्च पद पर आसीन होकर भी सादगी, विनम्रता और राष्ट्रहित सर्वोपरि होना चाहिए। लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी अटूट निष्ठा और जनसेवा के प्रति समर्पण हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उप मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे डॉ. राजेंद्र प्रसाद के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाते हुए लोकतांत्रिक परंपराओं को सशक्त बनाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### भावी पीढ़ी का चारित्रिक विकास करें शिक्षक व अभिभावक: अश्विनी जायसवाल

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का आयोजन आज सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस ऑडिटोरियम में किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि सी.ए. अश्विनी जायसवाल, चेयरमैन, आई.सी.ए.आई., लखनऊ, ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री जायसवाल ने कहा कि भावी पीढ़ी का अपने माता-पिता व शिक्षकों से जुड़ाव उनके सर्वांगीण विकास में महती भूमिका निभाता है। उन्होंने आहवान किया कि शिक्षक व अभिभावक दोनों मिलकर भावी पीढ़ी का चारित्रिक विकास करें। छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए श्री जायसवाल ने कहा कि कठिन वक्त में सही फैसला आगे की राह प्रशस्त करता है। इससे पहले, सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि हमें एक ऐसी भावी पीढ़ी को तैयार करने की जरूरत है जो विश्व समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सके। इन्हीं विचारों के अनुरूप सी.एम.एस. अपने छात्रों में वैश्विक दृष्टिकोण के विकास हेतु तत्पर है। इससे पहले, समारोह का शुभारम्भ स्कूल प्रार्थना, सर्व-धर्म प्रार्थना एवं विश्व एकता प्रार्थना से हुआ। इसके उपरान्त छात्रों ने विद्यालय के छात्रों ने एक से बढ़कर एक शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की इन्द्रधनुषी छटा बिखेरकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का आलोक बिखेरा। समारोह के अन्त में सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस की प्रधानाचार्या सुश्री सोमा चन्द्रा ने अभिभावकों का हार्दिक आभार ज्ञापित किया। सी.एम.एस. कानपुर रोड कैम्पस द्वारा भी 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का भव्य आयोजन आज विद्यालय के ऑडिटोरियम में किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री अतुल कुमार रावत, कम्पनी सेक्रेटरी एवं पूर्व चेयरमैन, एन.आई.आर.सी., आई.सी.एस.आई. एवं डा. अंकुर यादव, नेत्र विशेषज्ञ ने दीप प्रज्वलित कर किया एवं विद्यालय के उन मेधावी छात्रों को सार्वजनिक तौर पर पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया, जिन्होंने वार्षिक परीक्षा, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, साँस्कृतिक कार्यक्रमों व खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों, अभिभावकों व शिक्षकों का हार्दिक स्वागत करते हुए संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने कहा कि एक सामाजिक संस्था के रूप में स्कूल का उत्तरदायित्व सबसे अधिक महत्वपूर्ण एवं व्यापक है। विद्यालय का सुसंस्कारित व शान्त वातावरण बालक को संतुलित व्यक्तित्व प्रदान कर सम्पूर्ण जीवन उनका मार्गदर्शन करता है। समारोह में विद्यालय के छात्रों ने शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुतियों के माध्यम से सी.एम.एस. की अनूठी 'ब्राडर एण्ड बोल्डर शिक्षा पद्धति' से अभिभावकों को अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों के साथ ही छात्रों की माताओं ने भी बड़े उत्साह से भागीदारी की और गीत-संगीत के कार्यक्रमों में प्रतिभागिता कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती आभा अनन्त ने कहा कि सी.एम.एस. अपने छात्रों का सर्वांगीण विकास कर 'टोटल क्वालिटी पर्सन' बनाने को दृढ़-संकल्पित है। उन्होंने विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में सहयोग हेतु अभिभावकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### 25 मार्च को काला दिवस मनाएंगे पेंशनर्स और कर्मचारी संगठन

लखनऊ। संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति, उप्र. और उप्र. पेंशनर्स कल्याण संस्था ने भारत सरकार द्वारा पारित वैलिडेशन एक्ट के विरोध में 25 मार्च 2026 को काला दिवस मनाने का निर्णय लिया है। इसकी घोषणा संयुक्त समिति के प्रान्तीय संयोजक एन. पी. त्रिपाठी और सह संयोजक (प्रचार) एवं महासचिव ओंकार नाथ तिवारी ने की है। उप्र. पेंशनर्स कल्याण संस्था के महासचिव ने शुक्रवार को बताया कि यह निर्णय सतीश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विभिन्न कर्मचारी और पेंशनर संगठनों की संयुक्त बैठक में लिया गया। बैठक में जे. पी. डब्लू. सी., स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ, लेखा एवं लेखा परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ, उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ समेत अन्य संगठनों के वरिष्ठ प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### मनरेगा कर्मियों को आठ माह से नहीं मिला मानदेय, होली से पहले भी खाली

लखनऊ। प्रदेश में मनरेगा के तहत कार्यरत कर्मियों को सात माह से मानदेय नहीं मिला है। कई जिले ऐसे हैं जहां 10 माह से बकाया है। इनमें अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक, लेखा सहायक, कंप्यूटर ऑपरेटर जिला व ब्लॉकों पर तैनात हैं। सबसे अधिक संख्या ग्राम रोजगार सेवकों की 44 हजार के आसपास है। मनरेगा की सोशल ऑडिट सेल का हाल भी खराब है। यहां तैनात सदस्यों को आठ माह से मानदेय नहीं मिला है। दिवाली पर भी इन्हें मानदेय नहीं मिला था और होली पर भी भुगतान होने की कोई उम्मीद या प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। ऐसे में कर्मचारी बिना मानदेय काम कर रहे हैं। कई की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है न भरण-पोषण कर पा रहे न ही बच्चों की पढ़ाई और उपचार करा पा रहे। श्रमिकों को भी मजदूरी नहीं मिली है। मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश संयोजक भूपेश कुमार सिंह ने बताया कि बराबर मानदेय के लिए संघर्ष कर रहे हैं लेकिन सुनवाई कहीं पर नहीं हो रही है।

# उप्र के किसी भी जिले में न हो अवैध एवं जहरीली शराब का उत्पादन एवं बिक्री : एस.पी. गोयल

- मुख्य सचिव ने होली पर्व के दृष्टिगत आबकारी व्यवस्था की समीक्षा कर दिए सख्त निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी.गोयल ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर होली पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था एवं आबकारी व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्योहार के अवसर पर विशेष सतर्कता बरती जाए और अवैध तथा जहरीली शराब के किसी भी प्रकार के उत्पादन एवं बिक्री को पूर्णतः रोका जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी जनपद में अवैध मदिरा के सेवन से कोई दुर्घटना न होने पाए। इसके लिए संवेदनशील जनपदों में विशेष चौकसी सुनिश्चित की जाए तथा अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित कर प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी क्षेत्र में न तो अवैध एवं जहरीली शराब का निर्माण हो और न ही उसकी बिक्री होने पाए। उन्होंने कहा कि शराब की दुकानों, ढाबों एवं अन्य संभावित स्थानों का औचक निरीक्षण किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी अवैध शराब की बिक्री न हो तथा अधिक दर पर मदिरा विक्रय की शिकायत न मिले। सीमा क्षेत्रों, विशेषकर अंतरराज्यीय बार्डर पर सतर्कता बढ़ाई जाए और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए। साथ ही भांग की अधिकृत दुकानों पर किसी भी दशा में गांजा की बिक्री न होने देने के निर्देश भी दिए गए। मुख्य सचिव ने प्रशासन को अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि अंतरराज्यीय सीमाओं पर सघन चेकिंग अभियान संचालित किया जाए। कानून का उल्लंघन करने वाले तथा अवैध शराब के उत्पादन एवं बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करें कि होली पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शराब की दुकानों को अनावश्यक रूप से लंबे समय तक बंद न रखा जाए, क्योंकि इससे अवैध तरीके से शराब की क्रय-विक्रय को बढ़ावा मिल सकता है तथा अवैध एवं जहरीली शराब के सेवन से दुर्घटनाओं की संभावना रहती है। स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर ही जिला प्रशासन दुकानों की बंदी के संबंध में निर्णय ले, ताकि व्यवस्था संतुलित एवं नियंत्रित बनी रहे। खनन विभाग की समीक्षा में उन्होंने राजस्व लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ओवरलोडिंग और अवैध खनन पर स्रोत बिंदु पर ही प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। ओवरलोडिंग में संलिप्त वाहन मालिकों एवं परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए। अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि वे नियमित एवं आकस्मिक निरीक्षण करते रहें तथा मौके पर ही प्रभावी और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में अपर मुख्य सचिव आबकारी वीना कुमारी मीना, आबकारी आयुक्त आदर्श सिंह, सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म माला श्रीवास्तव, विशेष सचिव आबकारी अभिषेक आनंद, विशेष सचिव खनन अरुण कुमार उपस्थित थे।

# लखनऊ में 3729 स्थलों पर होगा होलिका दहन, होलिका स्थलों पर तैनात रहेगी पुलिस

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में 3729 होलिका दहन होगा। त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से शहर और ग्रामीण इलाकों में पर्याप्त पुलिस प्रबंध किए गये हैं।

संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था बबलू कुमार ने शनिवार को बताया कि होलिका दहन और होली पर्व को लेकर लखनऊ पुलिस ने व्यापक सुरक्षा और यातायात व्यवस्था लागू कर दी है। सभी चिन्हित होलिका स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि 02 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा। 03 और 04- मार्च को रंग खेला जायेगा। कुछ स्थलों पर रंग डालने तथा होली मिलन कार्यक्रम होली के बाद भी आयोजित किये जाते हैं। होली के अवसर पर आयोजित होने वाले होली मिलन समारोह व मेलों के दौरान कानून व्यवस्था के व्यापक पुलिस प्रबन्ध किया गया है। होली पर्व के अवसर पर कमिश्नरेट लखनऊ में कुल 3729 होलिका स्थल चिन्हित करते हुए व्यापक पुलिस प्रबन्ध किया गया है। इस दौराना चार अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी), 12 सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी)। 19 निरीक्षक, 72 उप-निरीक्षक, 400 मुख्य आरक्षी व आरक्षी तैनात किया गया है। यातायात व्यवस्था को लेकर 22 निरीक्षक, 75 उप-निरीक्षक, 80 होमगार्ड, 660 मुख्य आरक्षी व आरक्षी की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा 14 कंपनी पीएसी के अलावा एलआईयू की ड्यूटी लगाई गई हैं। बबलू कुमार ने कहाकि समस्त पुलिस, प्रशासनिक एवं सुरक्षा इकाइयों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित कर ड्यूटी पॉइंट, रूट प्लानिंग और वीवीआईपी प्रोटोकॉल की जानकारी दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए रूट रिहर्सल भीड़ प्रबंधन हेतु गहन मॉक-ड्रिल संपन्न की गई है। पूरे क्षेत्र की चौबीस घंटे सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है, जिसका नियंत्रण एक विशेष कंट्रोल रूम से होगा। सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस द्वारा 24 घण्टे सर्तक दृष्टि रखी जायेगी। आयोजन स्थल तक के मार्गों पर विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है। जनसाधारण की सुविधा के लिए यातायात परामर्श (एडवाईजरी) अलग से जारी की जा रही है। संयुक्त पुलिस आयुक्त ने कहा कि लखनऊ पुलिस होली पर्व के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। समस्त पुलिस कर्मियों को व्यवहारिक और संवेदनशील संवाद के लिए प्रशिक्षित किया गया है। जनता से अनुरोध है कि वे सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें और पुलिस की ओर से समय-समय पर जारी किए गए यातायात डायवर्जन का पालन करें।

# लखनऊ सड़क हादसे में किशोर समेत दो की मौत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। बिजनौर थाना प्रभारी कपिल गौतम ने बताया कि शनिवार सुबह 10 बजे किसान पथ पर नटकुर अंडरपास के पास सर्विस रोड पर सड़क दुर्घटना की सूचना मिली कि दो ट्रकों की टक्कर हो गई। हादसे में ट्रक क्लीनर घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सीएचसी सरोजनीनगर भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर मौजूद ट्रक चालक फुरकान ने बताया कि सड़क हादसे में जान गंवाने वाला ट्रक क्लीनर उन्नाव जिले के सिमरा गांव निवासी संदीप (35) है। उसने यह बताया कि वह ट्रक लेकर झांसी से लखनऊ किसान पथ होते हुए गोरखपुर जा रहे थे। नटकुर अंडरपास से उतरकर सर्विस रोड के किनारे ट्रक खड़ा करने के लिए संदीप नीचे उतरकर वाहन को किनारे लगवा रहा था, तभी पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए संदीप को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक मौके से ट्रक लेकर फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच में जुट गई। इसी तरह सरोजनी नगर थाना क्षेत्र शुक्रवार देर रात को किसान पथ पिपरसंड अण्डरपास के पास एक सड़क दुर्घटना हुई। हादसे में पिपरसंड निवासी अभिजीत (22) की मृत्यु हो गई। सरोजनी नगर थाना प्रभारी राजदेवराम प्रजापति ने बताया कि घटना के बारे में पता चला है कि अभिजीत स्कूटी से जा रहा था। तभी डीसीएम ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में अभिजीत गंभीर रूप से घायल हो गया और इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त डीसीएम वाहन को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नवयुग कन्या महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। विज्ञान संकाय एवंइंस्टीट्यूशन इनोवेशन समिति, नवयुग कन्या महाविद्यालय, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान दमें 28 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस अत्यंत उत्साह, गरिमा एवं अकादमिक ऊर्जा के साथ मनाया गया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जो ज्ञान, वैज्ञानिक चेतना एवं नवाचार का प्रतीक है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सीआईपीईटी, लखनऊ के वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी डॉ. राजेश पांडा का विशेष व्याख्यान रहा। उन्होंने राष्ट्र निर्माण एवं सतत विकास में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को अनुसंधान, नवाचार एवं कौशल विकास के लिए प्रेरित किया। अपने व्याख्यान में उन्होंने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट एंड रिसाइक्लिंग तथा सस्टेनेबल प्लास्टिक सर्कुलर इकॉनमी की अवधारणाओं को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक अपशिष्ट को वैज्ञानिक तकनीकों द्वारा पुनर्चक्रित कर उपयोगी संसाधनों में परिवर्तित किया जा सकता है। अपने निष्कर्ष में उन्होंने प्रेरणादायी संदेश दिया,"Turn rubbish into a resource – Let's come together to help circular economy। उन्होंने विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया। उनका व्याख्यान अत्यंत प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक रहा। इस अवसर पर ष्यूमेन इन कैटलाइजिंग विकसित भारत तथा साइंस एंड टेक्नोलॉजी फॉर अ सस्टेनेबल फ्यूचर विषयों पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्राओं ने विज्ञान में महिलाओं के योगदान, पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास एवं तकनीकी नवाचार से संबंधित रचनात्मक एवं विचारोत्तेजक पोस्टर प्रस्तुत किए। पोस्टर प्रतियोगिता का मूल्यांकन निर्णायक मंडल द्वारा किया गया, जिसमें डॉ. विनीता सिंह, अनुरिमा बनर्जी एवं डॉ. राजेश पांडा सम्मिलित रहे। प्रथम स्थान निकिता सिंह बी. ए. प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान प्रतिष्ठा मिश्रा बी एस सी द्वितीय वर्ष, तृतीय स्थान अंशिका शर्मा बी एस सी प्रथम वर्ष, विजेताओं को प्रमाण पत्र से सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। गणित एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा मैथ अ मैजिक,स्टेट ए फन, बुरा न मानो मैथ्स है,व्हील्स ऑफ विजडम, फन हब तथा इनफिनिटी फन जोन जैसे आकर्षक स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों में गणितीय पहेलियाँ, तार्किक प्रश्न, रोचक ट्रिक्स, खेल एवं सांख्यिकीय गतिविधियों के माध्यम से यह प्रदर्शित किया गया कि गणित केवल एक विषय नहीं, बल्कि तर्क, रचनात्मकता और आनंद का माध्यम है। स्टॉलों पर भारी संख्या में महाविद्यालय की शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया और मनोरंजक स्टालों का लुत्फ उठाया। वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा बोनसाई संवर्धन पर विशेष स्टॉल लगाए गए, जिनमें पीपल एवं बरगद जैसे वृक्षों के बोनसाई प्रदर्शित किए गए। इन प्रदर्शनों के माध्यम से छात्राओं को यह बताया गया कि वैज्ञानिक तकनीकों द्वारा विशाल वृक्षों को लघु रूप में विकसित कर सीमित स्थान में भी हरित वातावरण बनाया जा सकता है।

बोनसाई कला ने युवा पीढ़ी में पर्यावरण संरक्षण, धैर्य, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता एवं सतत जीवनशैली की प्रेरणा का संचार किया। जूलॉजी विभाग द्वारा ष्फ्रेशवॉटर पौंड मैनेजमेंटष्विषय पर विशेष प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमें तालाबों के पारिस्थितिक संतुलन, जैव विविधता संरक्षण एवं वैज्ञानिक प्रबंधन से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की गई। इस प्रदर्शनी ने छात्राओं को जल संरक्षण एवं पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान रसायन विज्ञान विभाग की डॉ. सुनीता सिंह द्वारा विज्ञान विषय पर हास्य कविता का प्रभावशाली पाठ भी किया गया। उनकी कविता ने यह दर्शाया कि जीवन स्वयं एक अंतःविषय विज्ञान का सुंदर समन्वय है, जहाँ रसायन, भौतिकी, जीवविज्ञान एवं गणित परस्पर जुड़े हुए हैं। उनकी प्रस्तुति अत्यंत रोचक, प्रेरक एवं सराहनीय रही। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसे प्रो. ऋचा शुक्ला ने प्रस्तुत किया। उन्होंने मुख्य अतिथि, प्राचार्या महोदया, आयोजन समिति, समस्त विज्ञान संकाय के शिक्षकगण एवं छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान केवल एक विषय नहीं, बल्कि एक दृष्टिकोण है, जो जिज्ञासा, तर्कशीलता एवं नवाचार को विकसित करता है।

# राज्यपाल ने प्रथम चांसलर कप क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को जन भवन में 'प्रथम चांसलर कप क्रिकेट प्रतियोगिता' का शुभारंभ किया। यह प्रतियोगिता लखनऊ स्थित आठ विश्वविद्यालयों-लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, एसजीपीजीआई, केजीएमयू, एकेटीयू, डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, अटल बिहारी बाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय व जन भवन की टीम के मध्य आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर राज्यपाल, सभी टीमों के कप्तानों एवं विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने बैलून उड़ाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए राज्यपाल ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान जन भवन बैंड के बच्चों ने मधुर धुनों के साथ सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता का प्रथम मैच लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के मध्य आयोजित था। राज्यपाल की उपस्थिति में टॉस संपन्न हुआ,जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण (फील्डिंग) का निर्णय लिया। आज के मैच में ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की टीम ने लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ की टीम को हराया। दूसरे मैच में अटल बिहारी बाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय ने केजीएमयू की टीम को हराया। इस अवसर पर राज्यपाल जन भवन बैण्ड के बच्चों के मध्य चॉकलेट एवं उपहार वितरित किया।

# रामलीला मेला में कल विराट कवि सम्मेलन, देशभर के नामचीन कवि बिखेरेंगे काव्य की छटा

राष्ट्रीय प्रस्तावना



मेला आयोजक राम प्रकाश शुक्ला फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना


**हरदोई।** जनपद के प्राचीन रामलीला मेला परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में 01 मार्च 2026 को नुमाइश मेला पंडाल में भव्य विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

यह आयोजन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं वरिष्ठ पत्रकार बाबू हरी बहादुर श्रीवास्तव की स्मृति में किया जा रहा है। कवि सम्मेलन का संचालन रामलीला मेला कमेटी के आयोजक व संचालक तथा पूर्व चेयरमैन राम प्रकाश शुक्ला द्वारा पूर्व वर्षों की भांति किया जाएगा। कार्यक्रम में देशभर से ख्यातिप्राप्त कवि अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को हास्य, व्यंग्य, गीत और ओज की रसधारा से सराबोर करेंगे। काव्य मंच पर हास्य कवि पदम अलबेला (अलीगढ़) अपनी चुटीली शैली से शुरुआत करेंगे। वहीं मुकुल महान (लखनऊ), रवि चतुर्वेदी (सतना), डॉ०अजय अटल (दिल्ली), राज किशोर राज (भिंड), सुरेन्द्र सार्थक (राजस्थान), विष्णु उपाध्याय (फिरोजाबाद), अतुल बाजपेई (उन्नाव), शुभम् त्यागी (मेरठ), सौरभ कान्त शर्मा (संभल) तथा मानक मुकेश (कानपुर) अपनी काव्य प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे।

आयोजकों ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की है। यह कवि सम्मेलन हरदोई के सांस्कृतिक परिवेश को नई ऊर्जा देने के साथ साहित्य प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।

# सवायजपुर क्षेत्र में 4 नई सड़कों के निर्माण को मिली स्वीकृति

राष्ट्रीय प्रस्तावना



माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू

**सवायजपुर (हरदोई)।** क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विधायक सवायजपुर माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू के प्रयासों से चार नई सड़कों के नवनिर्माण को शासन से स्वीकृति मिल गई है। इस परियोजना पर लगभग 412 लाख रुपये की लागत से करीब 6 किलोमीटर सड़क का निर्माण कराया जाएगा।

स्वीकृत मार्गों में गौटिया से जमालपुर, धीरपुर से अन्ना, नुर्रा से हरिपलापुर होते हुए मटका तथा ब्रह्मरौली से मिश्रनपुरवा तक सड़क निर्माण शामिल है। इन सड़कों के बन जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और वर्षों से चली आ रही समस्या का समाधान होगा। विधायक श्री रानू ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और बेहतर सड़कें ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगी। क्षेत्रवासियों ने शासन द्वारा इन सड़कों की स्वीकृति मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए विधायक रानू को आभार व्यक्त किया है।

## आयुर्वेदिक कंपनी पर पड़ा छापा, अधिक मात्रा में भांग मिलने की सूचना





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** शहर कोतवाली इलाके में नघेटा इंडस्ट्रियल एरिया में ओम आयुर्वेदिक कम्पनी उस वक्त जांच एजेंसियों के निशाने पर आ गईए जब एसओजी टीम को यहां अवैध तरीके से भारी मात्रा में नशीली भांग रखे जाने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही एसओजी टीम ने सुबह करीब दस बजे छापा मार कार्रवाई की और फैक्ट्री परिसर से भांग से भरा एक ट्रक पकड़ा गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि फैक्ट्री में भांग का स्टॉक निर्धारित भंडारण क्षमता से कई गुना ज्यादा रखा गया था। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री को सीमित मात्रा में भांग रखने और उसके आयुर्वेदिक उत्पाद बनाने की अनुमति हैए लेकिन मौके पर मिली मात्रा ने अधिकारियों को भी चौंका दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी, आबकारी विभाग, एक्साइज विभाग, आयुर्वेद विभाग और बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और फैक्ट्री के रिकॉर्ड, लाइसेंस और स्टॉक का मिलान शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों द्वारा फैक्ट्री में मौजूद भांग की मात्राए भंडारण क्षमता और परिवहन से जुड़े दस्तावेजों की बारीकी से जांच की जा रही है। होली के त्योहार को देखते हुए भांग से बने उत्पादों की बड़े पैमाने पर सप्लाई की तैयारी की जा रही थी। आशंका जताई जा रही है कि निर्धारित सीमा से अधिक भांग का स्टॉक इसी उद्देश्य से किया गया था।

## होली के दिन जुमे की नमाज़ का समय बदला, दोपहर 2 बजे अदा होगी जोहर की नमाज़

**हरदोई (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** रंग पर्व होली के मद्देनज़र शहर में शांति एवं



सदर अंजुमन इस्लामिया मो0 खालिद एडवोकेट फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

व्यवस्था बनाए रखने हेतु नमाज़ जोहर (दोपहर की नमाज़) के समय में परिवर्तन किया गया है। दि अंजुमन इस्लामियों की मजलिसे मुन्तजमा (प्रबंधकारिणी) की बैठक में सदर मो खालिद एडवोकेट ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि दिनांक 04 मार्च 2026 को जामा मस्जिद सहित शहर की सभी मस्जिदों में जोहर की नमाज़ निर्धारित समय ०1:30 बजे के स्थान पर दोपहर ०2:00 बजे अदा की जाएगी। इस संबंध में अंजुमन इस्लामिया की ओर से सभी मस्जिदों के इमाम एवं मुन्तजिमों को लिखित सूचना भेज दी गई है। साथ ही जिलाधिकारी को भी पत्र प्रेषित कर सूचनार्थ एवं आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्था हेतु अवगत कराया गया है। समिति ने नागरिकों से आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की है।

## हरदोई में ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**पिहानी (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** विकास खंड पिहानी से सल्लिया महमदपुर क्रॉसिंग के पास शुक्रवार रात रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पिहानी थाना क्षेत्र के



मृतक की फाइल फोटो

महमदपुर भगत मढ़िया निवासी 27 वर्षीय गौरव कुमार के रूप में हुई है। गौरव कुमार महमदपुर भगत मढ़िया में खेती का काम करते थे। वह कुछ दिन पहले सीतापुर स्थित अपनी ससुराल गए थे। शुक्रवार देर रात वह ट्रेन से अपने गांव लौट रहे थे। महमदपुर क्रशिंग के पास ट्रेन की गति धीमी होने पर गौरव उतरने का प्रयास कर रहे थे, तभी वह अनियंत्रित होकर गिर गए। इस हादसे में उनके दोनों पैर रेलवे ट्रैक की पटरी से कट गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने शव देखा तो मौके पर भीड़ जमा हो गई। मृतक गौरव के परिवार में उनकी पत्नी और एक बेटी हैं। सूचना मिलने पर पिहानी थाना पुलिस टीम, जिसमें उपनिरीक्षक गौरव कुमार और हेड कांस्टेबल कलीम खान शामिल थे, मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला हरदोई भेज दिया है। पुलिस मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

## तमंचे सहित दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया

**शाहाबाद (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** पिहानी पुलिस ने अलग अलग तमंचे के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा जनपद में अवैध शस्त्र के निर्माणए बिक्रीए करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 28 फ़रवरी को थाना पिहानी के एस आई राजेश कुमार सिंह और



पुलिस बल द्वारा द्वारा मुखबिर की सूचना पर मोहम्मद कलीम पुत्र नसीम खां को एक तमंचा 315 बोरए दो जिंदा कारतूस 315 बोर और निजाम पुत्र पुत्तन निवासी मोहल्ला मीरसरायं को एक तमंचा 315 बोर एक जिंदा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया। उक्त दोनों मामलों मे थाना पिहानी पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। प्रभारी निरीक्षक पिहानी ने बताया पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## महिला ट्रैक्टर ट्राली से गिर कर हुई घायल


**हरपालपुर (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** शनिवार को खरगपुर-बड़ागांव मार्ग पर कलश यात्रा के दौरान ग्राम कठेठा निवासी सोनकली (60) पुलिया से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद



नाजुक हालत में हरपालपुर सीएचसी से हरदोई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। महिला ट्रैक्टर.ट्रॉली से यात्रा में शामिल होने आई थीं।

## श्री खाटू श्याम संकीर्तन समिति का मासिक कीर्तन संपन्न हुआ

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** श्री खाटू श्याम संकीर्तन समिति के द्वारा आपके शहर हरदोई में मुहिम गली.गली ऐलान होना चाहिए हर जगह बाबा का गुणगान होना चाहिए के तत्वाधान में श्री खाटू श्याम संकीर्तन समिति का मासिक कीर्तन शहर के पावन भजन पावन स्थलय अग्रवाल धर्मशाला रेलवेगंजए हरदोईए हरदोई में संपन्न हुआ।

इसमें भजन गायक कोलकाता से चलकर कोलकाता की आन बान शान पारस बरडिया ने भजन गया सजा दो घर को गुलशन साएअवध में राम आए हैं, मेरे सरकार आए हैं, लगे कुटिया भी दुल्हन सी, अवध मे राम आए हैं, सजा दो घर को गुलशन सा, अवध मे राम आएं हैं। और लखनऊ से चलकर लखनऊ की आन बान शान, कविता सिंह ने भजन गयाण्णतीन बाण के कलाधारी, कला मुझे भी दिखा दे तू, जैसे दर्शन सबको देता, वैसे मुझे करा दे तू, अब मैं खड़ा हूँ द्वार तुम्हारे, दोनों हाथ जोड़ के, लेने आजा खाटू वाले, रींगस के उस मोड़ पै। और दूसरे दिन खाटू श्याम संकीर्तन समिति का भंडारा सिनेमा चौराहा मोनी बाबा मंदिर पर आयोजित किया गया इसमें जरूरतमंदों ने भंडारा ग्रहण किया। इस मौके पर श्याम सेवक आर्यन अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, धर्मेंद्र गुप्ता, अपूर्व गुप्ता, गौतम अग्रवाल, विकास गुप्ता, अंकित, गुप्ता, नीरज अग्रवाल किराना, आकाश गुप्ता, विजेंद्र गुप्ता, अमर प्रकाश पांडे, पंडित रवी शंकर मिश्रा, अभय दीक्षित इशू गुप्ता, शिबू गुप्ता, गौरव गुप्ता, सौरभ, दिव्यांश, शानू गुप्ता अवध राज, अरुण अग्निहोत्री, सुमेर सिंह, अजय दीक्षित, प्रियम मिश्रा, शिवेंद्र त्रिवेदी, राकेश सिंह कनौजिया, दिनेश गुप्ता, संजय मिश्रा, सचिन शुक्ला, गौरव पांडेय, अमित गुप्ता, राहुल बाजपाई, उपेंद्र अग्निहोत्री आदि श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

## फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस बल रहेगा मौजूदः सीओ



राष्ट्रीय प्रस्तावना

■ अजीत सिंह चौहान व एडिशनल एसपी मार्तंड प्रकाश करेंगे नेतृत्व

**पिहानी (हरदोई)।** कोतवाली में होली और रमजान के त्योहारों के मद्देनजर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला जाएगा। यह मार्च आज शाम तक आयोजित होगा।

आज पिहानी कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन किया गया जहां नायब तहसीलदार और कोतवाल ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान होली के त्योहार को देखते हुए किसी भी प्रकार के जमीनी विवाद या अप्रिय घटना को रोकने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की मांग की गई थी।

फ्लैग मार्च का नेतृत्व सीओ हरियावां अजीत सिंह चौहान और एडिशनल एसपी मार्तंड प्रकाश करेंगे। इस दौरान कोतवाल छोटे लाल भी मौजूद रहेंगे।

पुलिस बल को किसी भी अनहोनी घटना से निपटने के लिए तैनात किया जाएगा। त्योहारों के दौरान सतर्कता बनाए रखने के लिए हर चौराहे और भीड़भाड़ वाली जगहों पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात रहेगी।

समाधान दिवस के अवसर पर एसआई राजेश कुमार मिश्रा महिला कांस्टेबल पूजा शर्मा राजेंद्र यादव प्रफुल्ल यादव आनंद शुक्लाए सुशील सिंह और गर्वित चौधरी सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरपालपुर (हरदोई)।** स्थानीय जीनियस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रिटायर्ड नेवी ऑफिसर शंकर सिंह तोमर द्वारा महान वैज्ञानिक सीण्वीण् रमन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

मुख्य अतिथि ने बच्चों को संबोधित करते हुए सफलता प्राप्त करने हेतु आवश्यक जीवन मूल्यों और अनुशासन को अपनाने की प्रेरणा दी। वहीं, फिजिक्स प्रवक्ता मनीष कुशवाहा ने रमन इफेक्ट को विस्तार से समझाते हुए विद्यार्थियों को रटने के बजाय वैज्ञानिक प्रयोगों से जुड़ने पर बल दिया।

इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में श्रद्धा सिंह, देवांश, प्राची, मधुबाला, तहा खान और शिवांश ने विज्ञान की प्रगति पर प्रभावशाली विचार रखे, जिन्हें खूब सराहा गया। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी को विज्ञान दिवस व होली की शुभकामनाएं देते हुए छात्रों को नई दिशा में शोध व नवाचार करने हेतु प्रोत्साहित किया।

## विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने वाले बच्चों को सभासद ने गोल्ड मेडल दिए







राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद (हरदोई)।** कैरियर पब्लिक स्कूल में गुरुवार को संपन्न विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने वाले समस्त 81 बच्चों को मलकापुर की सभासद जिया जुनैद ने गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। गुरुवार को कैरियर पब्लिक स्कूल में प्रबंधक डाक्टर सलीम सिद्दीकी की देखरेख में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। जिसमें कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं ने एक से एक बेहतरीन उपकरणों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी को अवलोकन करने के बाद तीन विजेताओं को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया था जिन्हें उसी दिन मुख्य अतिथि डॉक्टर शारिक परवेज, प्रोफेसर इमरान अली खान, चौधरी उमेश गुप्ता, डॉक्टर मनीष शर्मा एवं सभासद प्रतिनिधि जुनैद अली खान ने प्रदान किया था।

इस अवसर पर सभासद प्रतिनिधि ने प्रदर्शनी में भाग लेने वाले सभी 81 छात्र-छात्राओं को हौसला-अफजाई के लिए गोल्ड मेडल प्रदान करने का ऐलान किया था। इस घोषणा के अनुरूप शनिवार को स्कूल कैंपस में सभासद जिया जुनैद ने अपने हाथों से गोल्ड मेडल पहनकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्रोफेसर इमरान खान, डॉ० सलीम सिद्दीकी, उमैर अली खान एवं प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टाफमौजूद रहा।

## किशोरी पर दबंगों ने हमला किया, घायल

**शाहाबाद (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** कोतवाली के मोहल्ला निहालगंज मे 24 फ़रवरी की सुबह करीब 6 बजे जानवरों को चारा डालने जा रही किशोरी को घात लगाकर हमलावरों ने लाठी डंडों और राड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिससे किशोरी लहूलुहान हो गई। किशोरी की हालत मे सुधार नही हुआ है।घायल की माँ की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच कर रही है। पीड़िता उषा पत्नी संजीव मिश्रा के अनुसार 24 फ़रवरी की सुबह उसकी 14 वर्षीय पुत्री प्रियांशी घर से बग्गर में जानवरों को चारा डालने जा रही थी। विपक्षी विपिन, पवन, रोहित और हरिराम पुत्रगण रामलाल ने विशाल पुत्र श्यामलाल, आशीष पुत्र रामकुमार, शुभम पुत्र भूरा और चार अज्ञात साथियों के साथ मिलकर पुरानी रंजिश में घात लगाकर उसकी पुत्री को लाठी डंडो और रॉड से मारपीट कर घायल कर दिया। जिसमे उसका सिर फ्ट गया। उसकी पुत्री के सिर मे बीस टांके लगे है। पुत्री की हालत सीरियस है। विपक्षी उसके परिजनों को रोज गाली गलौज कर जान से मार डालने की धमकी दें रहे हैं। तहरीर के आधार पर हमलावरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर हमलावरों की तलाश की जा रही है।

## अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करेंः वीरेंद्र पंकज

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरपालपुर (हरदोई)।** कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पंकज ने शनिवार को ग्राम प्रहरियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गांव में शांति व्यवस्था के साथ होली त्योहार मनाए जाने में वह अपने कर्तव्यों का पालन करें।

उन्होंने कहा कि ग्राम प्रहरी होली के दिन शराब आदि का सेवन न करें तथा पूरे दिन गांव में मौजूद रहकर गतिविधियों पर नजर रखें। अगर कहीं कोई भी व्यक्ति होली त्योहार पर अराजकता या हुड़दंग की कोशिश करता है तो उसकी तत्काल थाने पर सूचना दें। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रहरियों की जिम्मेदारी है कि वह अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें तथा ग्रामीण क्षेत्रो में शांति व सौहार्दपूर्ण होली त्योहार मनाए जाने के लिए सहयोग करें व खुद संयमित रहकर अपने कर्तव्यों का पालन करें।

## दबंगो ने दलित महिला के साथ मारपीट की

**हरपालपुर (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** थाना अरवल क्षेत्र के ग्राम ऐडा में दबंगों द्वारा एक दलित महिला और उसके पति के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। जानकारी के अनुसार,अरवल के ग्राम ऐडा निवासी चम्पाकली ;50 वर्षद्ध ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 26 फरवरी की शाम वह अपने घर के बाहर बैठी थीं। इसी दौरान गाँव के ही सोनपाल और विकास शराब के नशे में वहां आए और गाली.गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला को लाठी.डंडों से पीटना शुरू कर दिया। जब उनके पति सुरेश बीच-बचाव करने आएए तो उन्हें भी बुरी तरह मारा-पीटा गया। शोर सुनकर ग्रामीणों के इकट्ठा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस जाँच में जुटी है।

## विदेश नीति को बदलते प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इतिहास में अपना नाम किन अक्षरों में दर्ज कराना चाहते हैं, ये तो पता नहीं, लेकिन भारत की विदेश नीति का जो गौरवशाली स्वर्णिम इतिहास रहा है, उसे वो पूरी तरह मटियामेट करना चाहते हैं, यह साफ नजर आ रहा है। वैसे भी जब इतिहास की पूरी समझ न हो, या जानबूझकर इतिहास को नजरंदाज किया जाता है तो वर्तमान और भविष्य दोनों किस तरह खतरे में पड़ जाते हैं, इसका बड़ा उदाहरण नरेन्द्र मोदी की इजरायल यात्रा से मिल ही रहा है। महज दो दिनों के लिए मोदी इजरायल गए, लेकिन वहां जो कुछ उन्होंने कहा, उससे भारत की बरसों की मेहनत पर पानी फिर गया है। बुधवार को इजरायली संसद नेसेट में जिस तरह का भाषण प्रधानमंत्री मोदी ने दिया है, उसमें वैश्विक स्तर पर भारत की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। क्योंकि इजरायल ने फिलीस्तीन में हमास को खत्म करने के नाम पर जो नरसंहार किया, उस पर दुनिया भर में चिंता जाहिर की जा रही है, लेकिन भारत के प्रधानमंत्री ने इजरायली संसद में जाकर हमास की न केवल आलोचना की, बल्कि तीन साल पहले 7 अक्टूबर को इजरायल पर हुए हमले की तुलना भारत में मुंबई के आतंकी हमले से कर दी। माना कि दोनों में निर्दोष लोगों की ही जान गई, लेकिन सोचने वाली बात ये है कि नरेन्द्र मोदी को यूपीए सरकार में हुआ मुंबई हमला अगर याद आया तो खुद की सरकार में हुए पुलवामा और पहलगाम जैसे बड़े आतंकी हमलों को वो कैसे भूल गए। होता तो यही है कि इंसान को हाल की बात पहले याद आती है और पुरानी बात बाद में। लेकिन मोदीजी के साथ उल्टा ही हो रहा है। उन्हें अपने कार्यकाल का कुछ याद नहीं रहता, केवल कांग्रेस की सरकारों की बातें याद पड़ती हैं। अपने संबोधन में मोदी ने गजा शांति पहल को क्षेत्र में न्यायपूर्ण और स्थायी शांति की दिशा में एक रास्ता बताया। यानी सीधे-सीधे अमेरिका की तारीफ उन्होंने की। इसके साथ ही इजरायल के साथ एकजुटता का संदेश देते हुए कहा कि कहीं भी आतंकवाद शांति को हर जगह खतरे में डालता है। गौर कीजिए कि मोदी ने इजरायल की कुर्बानियों का जिक्र किया लेकिन गजा में मारे गए 70 हजार लोगों की हत्या और हमदर्दी के लिए एक शब्द नहीं कहा, वो कह भी नहीं सकते थे, क्योंकि उन्हें तो ट्रंप और नेतन्याहू से दोस्ती निभानी है। मोदी ने गजा नरसंहार को पूरी तरह नजरन्दाज किया, यहां तक तो ठीक है, लेकिन दुख इस बात का है कि अपने साथ-साथ उन्होंने पूरे देश की जनता को इजरायल के साथ खड़ा दिखाया। मोदी ने कहा, श्मैं भारत की जनता की ओर से हर खोई हुई जान के लिए गहरी संवेदना लेकर आया हूं और हर उस परिवार के लिए जिनका संसार 7 अक्टूबर 2023 को हमास के बर्बर आतंकवादी हमले में टूट गया। हम आपका दर्द महसूस करते हैं। हम आपका दुख साझा करते हैं। भारत इजरायल के साथ मजबूती से, पूरे विश्वास के साथ, इस पल में और उसके आगे भी खड़ा है। कोई भी कारण नागरिकों की हत्या को जायज नहीं ठहरा सकता। कुछ भी आतंकवाद को जायज नहीं ठहरा सकता।श कितने सुविधाजनक तरीके से मोदी ने गजा में नेतन्याहू के इजरायली आतंकवाद का जिक्र तक नहीं किया। जबकि खुद इजरायल की जनता अपनी सरकार के ऐसे बर्बर रवैये के खिलाफ है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मोदी के भाषण पर उन्हें इतिहास की याद दिलाते हुए नेहरू के इजरायल के निर्माण पर आइंस्टीन को लिखे पत्र में व्यक्त विचारों का हवाला दिया। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया- अप्रैल 1955 में आइंस्टीन के निधन से कुछ समय पहले, आइंस्टीन और नेहरू ने परमाणु विस्फोटों और हथियारों के मुद्दे पर पत्रों का आदान-प्रदान किया था।श नेहरू ने 11 जुलाई 1947 को आइंस्टीन को जवाब में लिखारू श्मैं मानता हूं कि जबकि मेरी यहूदियों के लिए बहुत अधिक हमदर्दी है, मुझे अरबों की दुर्दशा के लिए भी उतनी ही हमदर्दी है। किसी भी घटना में, पूरा मुद्दा दोनों पक्षों की ओर से उच्च भावना और गहरे जुनून का हो गया है।श नेहरू ने यहूदियों के नजरिए पर सवाल उठाते हुए कहारू श्मैंने फिलिस्तीन की इस समस्या पर अच्छा ध्यान दिया है और दोनों पक्षों द्वारा जारी की गई किताबों और पैम्फलेट्स को पढ़ा हैय फिर भी मैं यह नहीं कह सकता कि मैं इसके बारे में सब जानता हूं, या मैं क्या किया जाना चाहिए पर अंतिम राय देने के लिए सक्षम हूं। मुझे पता है कि यहूदियों ने फिलिस्तीन में एक अद्भुत काम किया है और वहां के लोगों के स्तर को ऊं चा उठाया है, लेकिन एक सवाल मुझे परेशान करता है।

> **भारत की विदेश नीति का जो गौरवशाली स्वर्णिम इतिहास रहा है, उसे वो पूरी तरह मटियामेट करना चाहते हैं, यह साफ नजर आ रहा है। वैसे भी जब इतिहास की पूरी समझ न हो, या जानबूझकर इतिहास को नजरंदाज किया जाता है तो वर्तमान और भविष्य दोनों किस तरह खतरे में पड़ जाते हैं, इसका बड़ा उदाहरण नरेन्द्र मोदी की इजरायल यात्रा से मिल ही रहा है। महज दो दिनों के लिए मोदी इजरायल गए, लेकिन वहां जो कुछ उन्होंने कहा, उससे भारत की बरसों की मेहनत पर पानी फिर गया है। बुधवार को इजरायली संसद नेसेट में जिस तरह का भाषण प्रधानमंत्री मोदी ने दिया है, उसमें वैश्विक स्तर पर भारत की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं।**

# इथनाल ब्लेन्डिंग समस्या है समाधान नहीं

अरविन्द मोहन

> **कई बार किसान मिल में गन्ना उतारकर खाली बैलगाड़ी में मिल का छोआ वाला कचरा उठा लाते थे और अपने खेत में खाद की तरह इस्तेमाल करते थे। इसकी दुर्गंध तो मिलों दूर से भी ज्यादा लगती थी और लोग कुछेक दिन उन खेतों की तरफ जाने से बचते थे। नेता लोग इसी छोआ अर्थात मोलासेज से केमिकल कारखाना लगवाने या श्पेट्रोल बनानेश और बगास अर्थात गन्ने की सीठी से कागज बनाने का प्लांट लगवाने की बात करते थे। हमारे कुमारबाग में बेतिया राज की जमीन खाली थी। वहीं आसपास की चीनी मिलों से इन बाई-प्रॉडक्टों से स्वर्ग बसाने का वादा होता था जो आज तक पूरा नहीं हुआ। गन्ने से पेट्रोल बनाने की बात उन दिनों कचरे से सोना बनाने जैसी लगती थी पर बायो डीजल और बायो पेट्रोल का जमाना भी आया। हमारे यहां झटरोपा से तेल बनाने का प्रयोग चला तब तक अमेरिका ने मक्का और अन्य कृषि उत्पादों से बायो पेट्रोल बनाना शुरू करा दिया क्योंकि पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत बेतहाशा बढ़ने लगी और सौ डालर प्रति बैरल का रेट भी पीछे हो गया। ऐसे में मक्का वगैरह से पेट्रोल बनाना 75 डालर प्रति बैरल जितने रेट पर संभव हो तो कौन मानता?**

चंपारण की चीनी मिलों के आसपास बचपन गुजारने के चलते उनके कचरे से निकलने वाली बास और राजनैतिक चर्चाओं की याद हमेशा के लिए मन में रह गई है। कई बार किसान मिल में गन्ना उतारकर खाली बैलगाड़ी में मिल का छोआ वाला कचरा उठा लाते थे और अपने खेत में खाद की तरह इस्तेमाल करते थे। इसकी दुर्गंध तो मिलों दूर से भी ज्यादा लगती थी और लोग कुछेक दिन उन खेतों की तरफ जाने से बचते थे। नेता लोग इसी छोआ अर्थात मोलासेज से केमिकल कारखाना लगवाने या श्पेट्रोल बनानेश और बगास अर्थात गन्ने की सीठी से कागज बनाने का प्लांट लगवाने की बात करते थे। हमारे कुमारबाग में बेतिया राज की जमीन खाली थी। वहीं आसपास की चीनी मिलों से इन बाई-प्रॉडक्टों से स्वर्ग बसाने का वादा होता था जो आज तक पूरा नहीं हुआ। गन्ने से पेट्रोल बनाने की बात उन दिनों कचरे से सोना बनाने जैसी लगती थी पर बायो डीजल और बायो पेट्रोल का जमाना भी आया। हमारे यहां झटरोपा से तेल बनाने का प्रयोग चला तब तक अमेरिका ने मक्का और अन्य कृषि उत्पादों से बायो पेट्रोल बनाना शुरू करा दिया क्योंकि पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत बेतहाशा बढ़ने लगी और सौ डालर प्रति बैरल का रेट भी पीछे हो गया। ऐसे में मक्का वगैरह से पेट्रोल बनाना 75 डालर प्रति बैरल जितने रेट पर संभव हो तो कौन मानता? हमारे यहां भी झटरोपा वाला प्रयोग तभी हुआ और अनाज से तेल बनाने की चर्चा शुरू हुई। वह तो हुआ नहीं लेकिन नितिन गडकरी के परिवहन मंत्री बनने वाले राज में इसी छोआ अर्थात मोलासेज से पेट्रोल बनाने और पेट्रोल में मिलाकर बेचने का काम शुरू हुआ जो आज परवान पर है। यह काम सिर्फ गन्ना चीनी मिलों का न होकर सारे ब्रुअरीज( शराब कारखाने ) के कचरे से होना शुरू हुआ है। करीब बीस फीसदी ब्लेन्डिंग के बिना पेट्रोल बिकता नहीं और कुछ पेट्रोल की खपत में बीस फीसदी का मतलब बहुत बड़ा हुआ। कीमत और विदेशी मुद्रा की बचत का हिसाब लगाएं तो और उजली तस्वीर दिखेगी पर जल्दी ही इस मामले में भी उत्पादन क्षमता जरूरत से ऊपर निकल जाएगी यह कल्पना से परे की चीज है। लेकिन आज यह स्थिति आ गई है। गन्ने के अलावा कुछ कृषि उत्पादों के इस्तेमाल की चर्चा भी है। लेकिन अमेरिका से जिस लटकी हुई व्यापार संधि को श्सपनों का सौदाश बताया जा रहा है उसमें मक्के की कुछ खास किस्म के आयात की बात भी थी और माना जाता है कि इसका प्रयोग इथनाल बनाने में हो सकता है। वैसे भारत खुद भी बड़े पैमाने पर मक्का पैदा करने लगा है जो मुर्गीपालन और मछलीपालन समेत देश की पूरी जरूरत से ज्यादा ही है। ऐसे में अगर हम अभी ही इथनाल अपनी जरूरत से ज्यादा बनाने लगे हों तो अमेरिका से मक्का आयात करने का तर्क समझना मुश्किल है। अभी वह व्यापार समझौता हो, मक्का आयात हो उसका इस्तेमाल इथनाल बनाने में हो जैसे सारे लेकिन परंतु पर क्यों जाएं, अभी तो मौजूदा स्थिति ही इस कारोबार को परेशान करने वाली है। देश में इथनाल बनाने की कुल क्षमता 18 अरब लीटर की है जबकि पेट्रोलियम कंपनियां 11 से 12 अरब लीटर माल खरीदती हैं। देश में अब बिना इथनाल मिला पेट्रोल बिकता ही नहीं और मिलावट भी बीस फीसदी मात्रा तक है। इतना होने पर भी पूरा देशी इथनाल खपाने में परेशानी हो रही है। उधर तीन अरब लीटर और उत्पादन क्षमता इस साल बढ़ेगी। तब क्या होगा यही सोचकर व्यवसाय के लोग चिंतित हैं। यह सही है कि महंगे पेट्रोल के साथ बिकने से अच्छी कीमत वसूल होती है लेकिन खुद इथनाल की कीमतों और मांग आपूर्ति का हिसाब बहुत अनिश्चितता वाला है। सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों कंपनियां, इंडियन आयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम यह सारा माल खरीदकर तेल में मिलाकर बेचती हैं। अब हो यह रहा है कि पेट्रोल की खपत में तो मात्र छह फीसदी सालाना की वृद्धि है जबकि इथनाल उत्पादन की क्षमता ज्यादा रफ्तार से बढ़ रही है। अगर तीन अरब लीटर की क्षमता और बढ़ी तो यह वृद्धि 20 फीसदी हो जाएगी। फिर कीमतों और आपूर्ति का खेल एक अन्य स्तर पर जाएगा, अगर अमेरिकी मक्का भी इस खेल में शामिल हुआ तो क्या दृश्य होगा? यह कल्पना ही की जा सकती है और यह विकल्प भी नहीं है कि मिलावट को बीस फीसदी से बढ़ा दिया जाए। क्योंकि इथनाल की मिलावट से ईंधन की ऊर्ज़ा का स्तर कम होता है- बीस फीसदी की मिलावट से यह गिरावट छह फीसदी की होती है और इसके खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाना भी हो चुका है। अभी तक अदालत ने ग्राहकों के दावे को दरकिनार रखा है। एक दूसरी शिकायत इस मिलावटी ईंधन का गाड़ी के इंजन पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव की है। माना जाता है कि पिछले दिनों मिलावट की सीमा बढ़ाने पर भी विचार हुआ था लेकिन तभी सोशल मीडिया में यह बहस छिड़ गई कि मिलावटी ईंधन का गाड़ियों के इंजन पर बुरा असर होगा। यह बात खास तौर से भारत में बिकने वाली गाड़ियों पर लागू होती है क्योंकि यहां इस विशेष ईंधन से चलने वाले इंजन लगाए ही नहीं जाते। इथनाल मिश्रित ईंधन की कीमत घटाने की मांग भी उठती रही है लेकिन उसकी कीमत ज्यादा होने के नाम पर सरकार ने इस मांग को ठुकरा दिया था पर असल में तो इथनाल बाई-प्रोडक्ट ही है जो चीनी और शराब जैसे उद्योगों से निकलने वाले कचरे से बनता है। उसकी कीमत की एक सीमा होनी चाहिए। इससे उस अमेरिकी या पश्चिम जगह के अभियान पर भी अंकुश लगेगा जो अनाज को सड़ाकर इथनाल बनाने को लाभकर मानने से शुरू होता है। जैसे ही पेट्रोलियम पदार्थ 75 डालर बैरल के ऊपर पहुंचते हैं वे मक्का, गेहूं और अन्य अनाजों से इथनाल बनाने लगते हैं और जब पिछली बार यह दर सवा सौ के ऊपर पहुंची थी तब तो इतना अनाज इथनाल में जाने लगा कि दुनिया में अनाज की कमी और गरीब देशों में तंगी शुरू हो गई थी। हमारे पड़ोसी पाकिस्तान में तो आटे की लूट शुरू हो गई थी। कम से कम उस स्थिति से तो बचना ही होगा और इथनाल की कीमतों को एक सीमा में रखना होगा।

# लखनऊ की एक अलग पहचान कायस्थों की होली

संजय सक्सेना

> **होलाष्टक लगते ही गली-कूचों में जैसे कोई अदृश्य ढोल बजने लगता है। दुकानें, घर, छतें, चौक-चौराहे हर जगह एक हलचल। और इस हलचल के बीच अगर किसी ने इस शहर की होली को उसके असली रस में संभाल कर रखा है, तो उसमें कायस्थ बिरादरी की हिस्सेदारी को नज़रअंदाज़ करना बेईमानी होगी।लखनऊ की तहज़ीब को अक्सर नवाबों से जोड़कर देखा जाता है। सच है, पर अधूरा सच। तहज़ीब महलों से निकलकर जब गलियों में उतरती है, तभी ज़िंदा रहती है। होली इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। मुस्लिम समाज आम तौर पर रंगों से परहेज़ करता रहा, फिर भी लखनऊ की होली कभी फीकी नहीं पड़ी। वजह साफ़ है यहाँ त्योहार मजहब से नहीं, मिज़ाज से तय होते हैं। और इस मिज़ाज को सबसे सहजता से निभाने वालों में कायस्थ आगे रहे। कायस्थों की होली का मतलब सिर्फ़ पिचकारी और गुलाल नहीं है।**

लखनऊ की होली, बाहर से देखिए तो लगेगा बस रंग, गुलाल, हँसी-ठिठोली तक नजर आती है। मगर भीतर उतरकर देखिए तो यह शहर फागुन में सिर्फ़ रंग नहीं बदलता, मिज़ाज भी बदलता है। यहाँ होली एक दिन का नहीं, कई दिनों का सिलसिला है। होलाष्टक लगते ही गली-कूचों में जैसे कोई अदृश्य ढोल बजने लगता है। दुकानें, घर, छतें, चौक-चौराहे हर जगह एक हलचल। और इस हलचल के बीच अगर किसी ने इस शहर की होली को उसके असली रस में संभाल कर रखा है, तो उसमें कायस्थ बिरादरी की हिस्सेदारी को नज़रअंदाज़ करना बेईमानी होगी।लखनऊ की तहज़ीब को अक्सर नवाबों से जोड़कर देखा जाता है। सच है, पर अधूरा सच। तहज़ीब महलों से निकलकर जब गलियों में उतरती है, तभी ज़िंदा रहती है। होली इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। मुस्लिम समाज आम तौर पर रंगों से परहेज़ करता रहा, फिर भी लखनऊ की होली कभी फीकी नहीं पड़ी। वजह साफ़ है यहाँ त्योहार मजहब से नहीं, मिज़ाज से तय होते हैं। और इस मिज़ाज को सबसे सहजता से निभाने वालों में कायस्थ आगे रहे। कायस्थों की होली का मतलब सिर्फ़ पिचकारी और गुलाल नहीं है। उनके यहाँ होली पेट से शुरू होकर दिल तक जाती है। गोश्त, कलेजी, कीमा, दुलमा ये सिर्फ़ व्यंजन नहीं, फागुन की ज़रूरतें हैं। होली हो और गोश्त न बने, तो कायस्थ खुद को अधूरा मानता है। शराब का ज़िक्र दबे पाँव आता है, मगर आता ज़रूर है। कलेजी भुनी न हो तो जाम कैसे उतरे यह तर्क नहीं, परंपरा है।आज के दौर में लोग भूल गए हैं कि पचास-साठ साल पहले न गैस थी, न कुकर। मिट्टी के चूल्हे, लकड़ी, कोयला और घंटों की मेहनत। मांसाहार पकाना आसान काम नहीं था। मसाले कूटे जाते थे, प्याज हाथ से छीले जाते थे, और सब कुछ इत्मीनान से बनता था। इस पूरी प्रक्रिया की रीढ़ महिलाएं थीं। उनके बिना कायस्थों की होली का कोई ज़िक्र ही नहीं बनता। त्योहार का सारा शोर बाहर दिखता है, पर उसकी असली मेहनत रसोई में होती है। लखनऊ में कायस्थों की आबादी बड़ी रही है। मशकगंज, निवाज़गंज, बाबूगंज, नौबस्ता, रकाबगंज ये सिर्फ़ मोहल्ले नहीं, कायस्थ संस्कृति की पहचान रहे हैं। होली के दिन इन इलाकों से गुज़रिए तो हर घर से पकवानो और नॉनवेज की अलग-अलग खुशबू आएगी। कहीं मटन चढ़ा है, कहीं कलेजी सिक रही है, कहीं कीमा मटर। और इन सबके बीच कहीं न कहीं गिलास टकराने की आवाज़ भी सुनाई दे जाएगी। इसे छिपाया नहीं जाता था, बस दिखावे से बचा जाता था यही लखनवी अदा है।कायस्थों की होली में एक और बात खास रही सफाई और सलीका। गरीब से गरीब कायस्थ फटा कपड़ा पहन ले, पर साफ़। और खाते-पीते घरों के लोग? वे तो हमेशा उजले, धुले, चमकते कपड़ों में ही रंग खेलते थे। रंग पड़े तो निखरे, मैल न बने। कालिख पोतना, भद्दा मज़ाक यह सब उन्हें कभी रास नहीं आया। हुड़दंग भी नफासत के साथ यही फर्क था। कायस्थों को अक्सर आधा मुसलमान कहा गया। वजह भी साफ़ थी गोश्त और शराब उनकी दिनचर्या में शामिल रहे। लेकिन यह तंज नहीं, लखनऊ में एक तरह की पहचान थी। इस पहचान ने ही उन्हें अलग बनाया। उनके घरों में ब्राह्मण, वैश्य, बनिया सब आते थे। कई ऐसे घर थे जहाँ बाहर मांसाहार निषिद्ध था, मगर होली में युवक कायस्थों के यहाँ ज़रूर पहुँचते थे। उन्हें पता होता था यहाँ रोक-टोक नहीं, स्वागत मिलेगा। कायस्थों को खुद खाने से ज़्यादा खिलाने का शौक रहा है। आओ भाई, लो, पीयो, खाओ यह सिर्फ़ कहावत नहीं थी, व्यवहार था। दुलमा को लेकर कितनी ही कहानियाँ हैं। कई लोग उसे मटर की सब्जी समझकर खा गए और बाद में पता चला कि उसमें कीमा भी था। फिर पछतावा नहीं, उलटा अगली बार बुलाने की गुज़ारिश। कायस्थों ने कभी किसी का भेद नहीं खोला। खिलाया भी, और बताया भी नहीं यह भी एक तरह की तहज़ीब है। आज भी कायस्थ परिवारों में शादी तय होते समय पहला सवाल खान-पान का होता है। लड़की शाकाहारी है तो क्या घर में मांस बनने से परहेज तो नहीं होगा? लेकिन यह सवाल टकराव का नहीं, तालमेल का होता है। कई घरों में आज भी शाकाहारी और मांसाहारी रसोई साथ-साथ चलती है। अलग बर्तन, अलग चूल्हा पर एक ही परिवार। लखनऊ ने यही सिखाया है कि खाना वजह बनकर रिश्ते नहीं तोड़ता।कायस्थों की होली में इत्र की भूमिका भी कम अहम नहीं। अबीर-गुलाल में खस मिलाना, गीले रंग में इत्र डालना ताकि रंग पड़े तो बदन भी महके। शाम होते-होते नए धुले कपड़े, खस या हिना की खुशबू, और गले मिलना यह रस्म आज भी जिंदा है। अमीनाबाद, रकाबगंज, सआदतगंज की गलियों में यह मंजर अब भी मिल जाता है, बस देखने वाली नजर चाहिए। आज का लखनऊ बदल गया है। फ्लैट, सोसाइटी, डीजे सब आ गए हैं। पर होली का असली रस अब भी पुराने घरों, पुरानी गलियों में बसता है। कायस्थों की होली अब पहले जैसी खुली न सही, पर उसकी आत्मा अब भी ज़िंदा है। गोश्त की खुशबू, इत्र की महक, रंगों की फुहार और खिलाने-पिलाने की दरियादिली यह सब मिलकर लखनऊ की होली को वह बनाते हैं, जो वह है।और शायद इसी लिए कहा जाता है लखनऊ की होली सिर्फ़ देखी नहीं जाती, चखी जाती है।

# जाने आध्यात्मिक महत्वः उत्तर भारत की खुशियों का पर्व 'होली'

एस.वी. सिंह 'प्रहरी'

ऋतुओं के राजा बसंत की यौवनावस्था में अर्थात जब पेड़ पौधों में नये पत्ते और रंग बिरंगे फूलों के आगाज से प्रकृति की छटा निखरती है, उस दौरान फाल्गुन माह की पूर्णिमा की अर्धरात्रि से प्रारम्भ होकर चैत्र मास की पंचमी तक ''होली'' का त्योहार मनाया जाता है, वर्तमान में अब इस त्योहार को देश-विदेश में भी मनाया जाने लगा है, लेकिन वास्तव में यह त्योहार उत्तर भारत की विशेष खुशियों का पर्व रहा है। वस्तुतः समाज में जो भी तिथि-त्योहार मनाये जाते है उसका कुछ न कुछ पौराणिक अथवा आध्यात्मिक महत्व अवश्य होता है और जब हम मनाये जाने वाले त्योहारों के आध्यात्मिक लाभ एवं महत्व को समझकर पर्व मनाते है तो हमारे आंतरिक भाव की श्रद्धा और खुशिया कई गुनी अधिक हो जाती है। आइए जाने होली पर्व के आध्यात्मिक लाभ एवं महत्व।

### पौराणिक किंवदती

इस पर्व के विषय में जो किवंदती समाज में सुनने को मिलती है उसके अनुसार एक समय में असुरों को राजा हिरण्यकश्यप को भ्रम हो गया था कि तीनों लोकों में उससे शक्तिशाली और कोई नहीं है, परन्तु उसके अपने पुत्र प्रहलाद ने अपने पिता के विचारों से हटकर भगवान विष्णु की भक्ति को आत्मसात किया जिससे वह समाज के विष्णु भक्ति का प्रतीक बन गये। पुत्र की विष्णु भक्ति हिरण्यकश्यप को पंसद नहीं आयी तो उसने सबसे पहले तो उसने अपने पुत्र प्रहलाद को समझाने की चेष्टा की और फिर उसको मृत्यु की गोद तक पहुंचाने के तमाम प्रयत्न किये परन्तु वह सारे प्रयास असफल हो गये तब उसने अपनी बहन 'होलिका' जिसको कि यह बरदान था कि यदि वह अपनी बरदानी चादर ओढ़कर अग्नि में प्रवेश करती है तो अग्नि उसको किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचेगी, को भक्त प्रहलाद को अग्नि में जलाकर मार देने हेतु तैयार किया जब होलिका ने भक्त प्रहलाद को गोद में लेकर अग्नि में प्रवेश किया तो भगवान विष्णु की कृपा से होलिका की बरदानी चादर होलिका के सर से उड़कर भक्त प्रहलाद के सर पर आ गयी जिससे भक्त प्रहलाद तो बच गया परन्तु होलिका अग्नि में जलकर राख हो गयी इसलिए समाज में इस दिवस में होलिका दहन करने की प्रथा प्रचलित है तथा विष्णु भगवान की कृपा दृष्टि से भक्ति के प्रतीक प्रहलाद के बचने की खुशी में रंग-गुलाल से खुशियां मनाने की प्रथा प्रारम्भ हुई।

### पर्यावरण तथा समाज में होता है पवित्रता का संचार

'होली' का अर्थ होता है 'पवित्रता'। पंचमहाभूत अर्थात पंचतत्व का संयुक्त स्वरूप प्रकृति अर्थात माता आदिशक्ति है। इस पंचतत्व में से अग्नि तत्व का मूल गुण शुद्धता अर्थात पवित्रता है, इसलिए इस पावन दिवस पर होलिका दहन रूप में अग्नि प्रज्जवलित कर समाजिक वातावरण एवं मनुष्यों के दूषित मन को पवित्र करने हेतु सामूहिक यज्ञ का आयोजन होता है।

चैत्र माह की प्रतिपदा (होली पर्व के दिन) को हिंदू कैलेण्डर के अनुसार नये वर्ष का प्रारम्भ होता है, नववर्ष में समाज में सुख, शांति एवं समृद्धि आये इसलिए प्रतिपदा के एक दिन पहले फाल्गुन माह की पूर्णिमा की रात में होलिका दहन की प्रथा के अर्न्तगत विभिन्न प्रकार के अन्न, गोबर के उपले, बनस्पतियों अर्थात वृक्षों की समिधाओं से अग्नि का आवाहन एवं प्रज्जवलन किया जाता है। चूंकि अग्नि का गुण पवित्रता एवं शुद्धता है तथा विभिन्न प्रकार के अन्न एवं बनस्पतियां जो कि ब्रम्हाण्ड के किसी न किसी ग्रह की ऊर्ज़ा का प्रतिनिधित्व करते है इसके साथ ही बनस्पतियां हीं वात-पित्त एवं कफ के असंतुलन को दूर करने के लिए आयुर्वेद औषधि का स्वरूप होते है, इसलिए जब अन्न, गोबर के उपलों और विभिन्न प्रकार की बनस्पतियों/पेड़-पौधों की डालियों से होलिका जलाई जाती है तो यह सामाजिक यज्ञ का स्वरूप बन जाता है, इस यज्ञ से उत्पन्न उर्ज़ा से सामाजिक वातावरण एवं वायुमण्डल में पवित्रता बढ़ती है जिससे समाज में समरसता के साथ सुख-समृद्धि का वातावरण बनता है।

### आकाश तत्व का संतुलन

जैसी प्रकृति वैसी प्रवृत्ति तथा जैसी प्रवृत्ति वैसी प्रकृति। यहां प्रकृति का तात्पर्य प्राकृतिक वातावरण से है जिस प्रकार की मानसिकता के लोग किसी घर, मुहल्ले अथवा शहर में निवास करते है उसी मानसिकता से उत्पन्न ऊर्ज़ा से उस घर, मुहल्ले तथा शहर का प्राकृतिक स्वभाव एवं वातावरण उसी अनुरूप हो जाता है जैसे किसी घर में अधिकतर लोग विवादी होते है तो वह घर ही विवादी प्रकृति का कहलाता है वहीं यदि किसी शहर में अधिकांश लोग आध्यात्मिक मानसिकता के होते है तो उस शहर को आध्यात्मिक नगरी कहा जाने लगता है यह केवल कहावत ही नही अपितु जब हम सभी उस शहर के वातावरण में पहुंचते है तो उस शहर की प्राकृतिक ऊर्ज़ा सीधे प्रभावित कर हमारे अंदर आध्यात्मिक मनस का वातावरण तैयार कर देती है।

पंचमहाभूतों से निर्मित हमारे शरीर में हमारा मन आकाश तत्व का प्रतीक है, मन की शुद्धता सकारात्मक प्रवृत्ति ही हमारे जीवन को सुखमय बनाती है क्योंकि आकाश तत्व हमारे अंदर दो अंगों के मध्य का रिक्त स्थान तथा ज्ञान का स्वरूप है दो अंगों के मध्य का रिक्त स्थान हमारे शरीर को मुलायम एवं लचक उत्पन्न करता है, शास्त्रों में आकाश तत्व के संतुलन हेतु यज्ञ करने का विधान है जिससे मन के विकार एव असंतुलन समाप्त होकर मन पवित्र होता है और जहां पवित्रता है वहीं पर शांति एवं समृद्धि का वास होता है। होलिका दहन भी सामूहिक यज्ञ है, इसलिए अपनी मनस एवं प्राकृतिक प्रवृत्ति को पवित्र करने के लिए बनस्पतियों की समिधाओं एवं नये अन्न की आहूति देते हुए अग्नि के फ़ेरे लेकर अग्नि देव की कृपा प्राप्त कर अपने मन एवं प्रवृत्ति को शुद्ध करते है।

### उत्तर भारत में नये अन्न का यज्ञ है होली का पर्व

होली के त्योहार को 'नवान्नेष्टि' भी कहा जाता है, नवान्नेष्टि शब्द नव+अन्न+इष्टि से मिलकर बना है अर्थात नये अन्न का यज्ञ। समाज में अन्न को देवता माना जाता है चूंकि होली पर्व से ही मौसम में गर्मी प्रारम्भ हो जाती है जिससे उत्तर भारत में प्रमुखतः जौं, गेहू, आलू, मटर एवं चना आदि अन्न के पकने का समय होता है इन नये अन्न को घर लाने की प्रक्रिया से पूर्व अग्नि देवता का आवाहन करके उसमें अन्न की आहूतियां देकर अन्न को पवित्रता प्रदान करने की प्रथा है ताकि वर्ष भर घर धन-धान्य से सदैव भरा रहे इसी लिए पूर्व में इस त्योहार को नवानेष्टि यज्ञ भी कहा जाता था।

### नववर्ष की खुशियों एवं सामाजिक समरसता का पर्व है होली

हिन्दू कैलेण्डर के अनुसार चैत्र मास की प्रतिपदा से नये वर्ष का शुभारम्भ होता है इसलिए समाज में नववर्ष के आगमन की खुशियों में समाज के लोग अपनी जाति धर्म से ऊपर उठकर एक साथ सामूहिक स्थल पर एकत्रित होकर अग्नि का आवाहून करके बनस्पतियों की समिधाओं और अन्न से होलिका दहन करते है और विधिवत अग्नि के फ़ेरे लेकर अग्नि देवता को नमन कर सामाजिक समृद्धि की कामना करते है। तदोपरांत चैत्र मास की प्रतिपदा से लेकर रंग पंचमी अर्थात पांच दिनों तक समाज में हर धर्म, जाति एवं सम्प्रदाय के लोगों के द्वारा एक दूसरे से गले मिलकर एवं रंग खेलकर खुशियां मनायी जाती है त्योहार की इस प्रक्रिया से सामाजिक कटुता समाप्त होकर समाज में सकारात्मकता का प्रसार बढ़ता है और जंहा सकारात्मकता एवं शुद्धता है वहीं प्रगति है।

### रंगों से शारीरिक उर्ज़ा के संतुलन का पर्व है होली

पंचतत्व के संतुलन से बने मनुष्य शरीर में सूक्ष्यं उर्ज़ा अंश ही शरीर का संचालन करते है, प्रकृति से निरन्तर हमारे शरीर के बाहर के अदृश्य बहुरंगी आभामंण्डल अर्थात औरा से हमारे शरीर में अलग-अलग रंगों की आंतरिक उर्ज़ा शक्तियां उर्जित होती रहती है, हम सभी जानते है कि सूर्य की किरणों से उत्पन्न नौ अलग-अलग रगों के ग्रहों की उर्ज़ा किरणें निरंतर हमारे आंतरिक उर्ज़ा को प्रभावित करती रहती है जिससे ही शरीर की क्रियाओं का संतुलन असंतुलन बनता है, ज्योतिष शास्त्र के अनुसार विभिन्न ग्रहों की उर्ज़ाओं के संतुलन करने के लिए उन ग्रंहो से संबन्धित रंग के भोजन करने, उनके रगों के वस्त्र धारण करने अथवा उस ग्रह से सम्बन्धित रगं के रत्न धारण करने की सलाह दी जाती है, चूंकि होली पर्व सामूहिकता का पर्व है सामूहिकता में विभिन्न प्रकार के रगों से होली खेलकर तथा गले मिलकर एक दूसरे की उर्ज़ाओं के मिलने से शारीरिक उर्ज़ाओं के संतुलन की प्रक्रिया स्वतः होती है।

होली के पर्व में हमारे पूर्वजों, विद्वान ऋषि मुनियों ने जो भी कहानी और संदेश दिये है मैं स्वयं उनका सम्मान करता हूँ यह लेख उन सम्मानित लोगों के विचारों पर क्रिया प्रतिक्रिया के स्वरूप में नहीं अपितु मेरे अंदर उपस्थिति ईश्वरीय अंश की प्रेरणा तथा उसके द्वारा स्वप्रदत्त ज्ञान के आधार पर मै अपने व्यक्तिगत विश्लेषण में जो पाया और जो अनुभव किया उस अनुभव को आप सभी पाठकों के समक्ष प्रस्तुत कर रहा है, आशा है कि होली पर्व मनाने के लाभपूर्ण उद्देश्यों को समझकर यह पर्व मनायेगे तो निश्चित तौर पर व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन में अवश्य लाभ प्राप्त होगा। होली पर्व की आप सभी को हार्दिक बधाइयां एवं शुभकामनाएं।

जय मां आदिशक्ति जय परमम्पिता परमेश्वर।

# होली पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का हुआ वितरण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। होली के अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण कार्यक्रम डायट मैदान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य एवं मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से डमी चेक प्रदान किए। लाभार्थियों में सुनीला, संगीता, रेखा, साधना, रामसखी, फूलकली, ज्ञानमती, पूनम, शान्ति, सविता, आशा, शरिफुन निशा, रहमतुन निशा, उर्मिला, नसीमा बानों, सगीरून निशा, उर्मिला देवी, राजरानी एवं सुषमा देवी शामिल रहीं। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी, को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष




शिवमोहन मौर्य, उप कृषि निदेशक सतेन्द्र तिवारी, जिला पूर्ति अधिकारी मंगेश कुमार मौर्य, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा होली और दीपावली जैसे प्रमुख त्योहारों पर उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी प्रदान किया जाना सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा उज्ज्वला योजना जैसी महिला केंद्रित योजनाएं संचालित कर माताओं-बहनों के सम्मान और सशक्तिकरण का कार्य किया जा रहा है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य भी तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। इस दौरान योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकभवन सभागार, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 1.86 करोड़ उज्ज्वला परिवारों को लगभग 150 करोड़ रुपये की धनराशि गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी के रूप में उनके खातों में हस्तांतरित किए जाने की जानकारी दी। उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना।

## दरोगाबाग के रेड हिल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

उन्नाव। दरोगाबाग स्थित रेड हिल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और नवाचार की भावना को विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा किया गया। उद्घाटन के बाद विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपने-अपने विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए। पूरे परिसर में उत्साह और जिज्ञासा का वातावरण देखने को मिला। प्रदर्शनी में जल संरक्षण, रोबोटिक्स, सौर ऊर्जा, प्रदूषण नियंत्रण, स्मार्ट सिटी और कचरा प्रबंधन जैसे समसामयिक विषयों पर आधारित मॉडल प्रमुख आकर्षण रहे। छात्रों ने इन विषयों पर व्यावहारिक और उपयोगी प्रोजेक्ट तैयार कर समाज को जागरूक करने का संदेश दिया। नन्हे विद्यार्थियों ने सरल और सहज समझ में आने वाले प्रोजेक्ट तैयार किए, जबकि वरिष्ठ छात्रों ने तकनीक आधारित उन्नत मॉडल प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मक क्षमता का परिचय दिया।

# जनगणना 2027 की तैयारियां तेज : इस बार पूरी तरह डिजिटल होगी प्रक्रिया

- 22 मई 2026 से शुरू होगा मकान सूचीकरण, फरवरी 2027 में होगी जनसंख्या गणना

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। देश की सबसे बड़ी प्रशासनिक कवायद मानी जाने वाली जनगणना 2027 की तैयारियां जिले में तेज हो गई हैं। कलेक्ट्रेट के पन्नालाल सभागार में एडीएम वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में जनगणना से जुड़े अधिकारियों का विस्तृत प्रशिक्षण आयोजित किया गया। अधिकारियों को बताया गया कि इस बार पूरी प्रक्रिया डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आधारित होगी और मॉनिटरिंग ऑनलाइन की जाएगी।

**दो चरणों में पूरी होगी जनगणना**

प्रशिक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि जनगणना दो चरणों में कराई जाएगी। पहला चरण 22 मई से 20 जून 2026 तक चलेगा। इस दौरान मकान सूचीकरण एवं भवन गणना की जाएगी। प्रत्येक मकान और भवन का विस्तृत विवरण डिजिटल माध्यम से दर्ज किया जाएगा। दूसरा चरण 9 फरवरी 2027 से 28 फरवरी 2027 तक संचालित होगा। इस चरण में परिवारों और व्यक्तियों से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्र की जाएगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पहले चरण में तैयार आंकड़े ही दूसरे चरण की आधारशिला होंगे। जिला जनगणना प्रभारी उमाशंकर ने तहसीलदारों एवं अधिशासी अधिकारियों को चार्ज अधिकारी के रूप में क्षेत्रवार जिम्मेदारियां सौंपीं। फील्ड ट्रेनरों की नियुक्ति, प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का चयन, उनका डाटा तैयार कर ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी।

इसके साथ ही मकान सूचीकरण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। जनगणना कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति का गठन किया गया है।


# हेलो किड्स भरवारी में धूमधाम से बच्चों ने खेली होली



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। हेलो किड्स भरवारी विद्यालय में शुक्रवार को होली का पावन पर्व हर्षोल्लास एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर रंगों और खुशियों से सराबोर नजर आया। नर्सरी, जूनियर केजी एवं सीनियर केजी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया और त्योहार का आनंद उठाया। कार्यक्रम की शुरुआत होलिका दहन से की गयी। इस अवसर पर बच्चों को होली के महत्व एवं बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया गया। शिक्षकों ने सरल शब्दों में प्रह्लाद और होलिका की कथा सुनाकर नैतिक शिक्षा प्रदान की। इसके पश्चात रंग-भरी होली का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों की मुस्कान से विद्यालय परिसर खुशनुमा बना रहा। होली के अवसर पर बच्चों को गुझिया, मिठाइयाँ एवं अन्य पारंपरिक पकवान भी परोसे गए, जिनका उन्होंने आनंद लिया। रंगारंग गीतों पर बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पंवार उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित एवं प्रेमपूर्ण होली मनाने का संदेश देते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम अनुशासन एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजन ने बच्चों के जीवन में रंगों के साथ-साथ खुशियों और नैतिक मूल्यों की सुंदर छाप छोड़ी।

## शनिदेव की सिद्ध पीठ शीला की हुई प्राण-प्रतिष्ठा



कौशाम्बी। भरवारी रेलवे पार्किंग के समीप स्थित शनिदेव मंदिर में शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि-विधान के साथ शनिदेव की सिद्ध पीठशिला की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान क्षेत्र में भक्ति एवं श्रद्धा का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे। आचार्यों द्वारा पूजन-अर्चन एवं हवन के साथ सिद्ध पीठशिला को विधिवत स्थापित किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शनिदेव के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। पूजन कार्यक्रम के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें देर रात तक श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने के लिए पहुंचते रहे। कार्यक्रम का आयोजन रेलवे ठेकेदार ठाकुर राजेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में स्थानीय लोगों द्वारा किया गया। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# भवंस मेहता महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ वार्षिकोत्सव सम्पन्न

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कौशाम्बी। भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में बृहस्पतिवार को रंगविरंगे भव्य संस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा एकल गायन, एकल नृत्य, समूह गायन, समूह नृत्य एवं लघु नाटिका सहित विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियां देकर उपस्थित दर्शकों से खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के संस्थापक प्राध्यापक एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रथम विभागाध्यक्ष प्रो. सुशील कुमार श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के महामंत्री प्रो. पी.के. सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रबोध श्रीवास्तव ने की। रंगारंग कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि व प्राचार्य द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। पूरे वर्ष आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं, खेलकूद प्रतियोगिता, राजभाषा हिंदी सप्ताह के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताएं, नारी सशक्तिकरण से संबंधित प्रतियोगिताएं तथा एडवांस टेक्नोलॉजी प्रशिक्षण कार्यक्रम के विजेताओं एवं प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गये। विशिष्ट अतिथि प्रो. पी.के. सिंह ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश देते हुए कहा कि यदि वे मनोयोगपूर्वक अध्ययन नहीं करेंगे तो भविष्य में पीछे रह जाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से परिश्रम और समर्पण के साथ शिक्षा ग्रहण करने का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि प्रो. सुशील कुमार श्रीवास्तव ने भव्य आयोजन के लिए प्राचार्य, शिक्षकगण, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय का गौरवमय अतीत रहा है और वर्तमान नेतृत्व में यह पुनः नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो. प्रबोध श्रीवास्तव ने कहा कि उनका सतत प्रयास रहेगा कि महाविद्यालय सर्वांगीण विकास की दिशा में निरंतर अग्रसर रहे।

उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी के सामूहिक प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्राएं छवि प्रजापति एवं मानसी मिश्रा ने किया, जबकि अंत में धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ अध्यापक प्रो. सतीश चंद्र तिवारी ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो. रूबी चौधरी, प्रो. पंकज कुमार, प्रो. विमलेश सिंह यादव, प्रो. उमा जायसवाल, डॉ. मोहम्मद आदिल, डॉ. नीति मिश्रा, डॉ. राहुल राय, डॉ. सी.पी. श्रीवास्तव, डॉ. धर्मेंद्र कुमार अग्रहरि, डॉ. महेंद्र उपाध्याय, डॉ. अनुज तिवारी, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. मनीष चौधरी, श्री आदित्य कुमार, खेल प्रशिक्षक श्री पंकज कुमार सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिक्षकों के सम्मान को आर-पार की लड़ाई लड़ने का ऐलान

- प्राथमिक शिक्षक संघ का इतिहास बताकर प्रशासन को किया आगाह
- शिक्षक को अपमानित करने वाले एसडीएम को हटाने की मांग बुलंद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में बीएलओ ड्यूटी कर रहे शिक्षक के साथ अभद्रता करने वाले एसडीएम पैलानी के खिलाफ प्राथमिक शिक्षक संघ ने पैलानी तहसील परिसर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और एसडीएम को हटाने के साथ किसी शिक्षक के साथ ऐसी पुनरावृत्ति न होने का लिखित आश्वासन देने की मांग बुलंद किया। शिक्षक नेताओं ने शिक्षकों के सम्मान के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ने के ऐलान के साथ ही शिक्षक संघ का इतिहास बताकर जिला प्रशासन को आगाह भी किया। कहा कि शिक्षकों की मांगों को पूरा नहीं किया गया तो रणनीति बनाकर आंदालन छेड़ा जाएगा।

शनिवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर शिक्षकों का समूह पैलानी तहसील में एकत्र हुआ और नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गया। शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी ने बीएलओ ड्यूटी कर रहे शिक्षक सौरभ द्विवेदी के साथ अभद्रता करने और उसे अकारण ही जेल भेजने वाले एसडीएम पैलानी अंकित वर्मा के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग बुलंद की। कहा कि अब यह महज एक शिक्षक की लड़ाई नहीं बल्कि शिक्षकों के सम्मान से जुड़ा मामला है। बताया कि एक शिक्षक शिक्षण कार्य के अलावा सरकार की सभी योजनाओं में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करता है और सरकार के कार्यों को जमीन पर उतारता है। पद के घमंड में चूर अफसर यदि शिक्षक के साथ अपमानजनक स्थिति उत्पन्न करेंगे तो प्राथमिक शिक्षक संघ अपने सम्मान की लड़ाई लड़ना भी जानता है। जिला मंत्री प्रजीत सिंह ने संघ का इतिहास याद दिलाते हुए कहा कि शिक्षकों की समस्याओं को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ ने तमाम लड़ाइयां न सिर्फ लड़ी हैं बल्कि उनमें जीत भी हासिल की है। कहा कि जिलाधिकारी को पूरे मामले में हस्तक्षेप करके एक शिक्षक का सम्मान बचाने के लिए एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई करने को आगे आना चाहिए। इस मौके पर रमाशंकर यादव, जय किशोर दीक्षित, रामसुफल कश्यप समेत सभी ब्लॉक अध्यक्ष, मंत्री व अन्य पदाधिकारी और तमाम शिक्षक, शिक्षिकाएं शामिल रहे।

**अपर जिलाधिकारी ने किया आंदोलन वापस लेने का आह्वान**

उधर शिक्षकों के आंदोलन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेंद्र ने शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और आंदोलन वापस लेने की गुजारिश की। जिस पर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी ने सभी प्रशासनिक अफसरों को शिक्षकों के सम्मान को लेकर लिखित पत्र जारी किए जाने की बात कही। हालांकि अपर जिलाधिकारी ने कहा कि बीएलओ ड्यूटी कर रहे सभी शिक्षक व अन्य कर्मचारी उनके लिए महत्वपूर्ण है। सभी को सम्मान दिए जाने को लेकर अफसरों को नर्देशित किया जाएगा। शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि आगामी 5 मार्च को संगठन की आवश्यक बैठक बुलाई है, जहां आंदोलन की अग्रिम रणनीति तय की जाएगी। प्रशासन की ओर से यदि लिखित आश्वासन नहीं दिया गया तो सभी प्रकार की ड्यूटियों से बेसिक शिक्षक बहिष्कार करने का निर्णय ले सकते हैं।

# पोकलैंड चालक की गोली मारकर हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क


बांदा। पांच दिनों पहले बालू खदान में पोकलैंड चालक की गोली मारकर हुई हत्या की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए हत्यारोपी के पास से हत्या में प्रयुक्त तमंचा, खोखा और कारतूस बरामद किया। पुलिस के मुताबिक पोकलैंड चालक की हत्या पुरानी रंजिश के चलते हुई थी।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर जनपद में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण लगाने, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा अवैध शस्त्रों के संग्रहण, निर्माण व बिक्री करने वालों के विरुद्ध पुलिस लगातार अभियान चला रही है। पांच दिनों पहले गिरवां थाना क्षेत्र के कोलावल रायपुर बालू खदान में पोकलैंड के अंदर सो रहे महोबा जिले के खन्ना थाना क्षेत्र के सिरसी कला गांव निवासी शनि कुमार उर्फ सोनी पाल (20) पुत्र लल्लू पाल की तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी। युवक को मौत के घाट उतारने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मृतक के पिता ने एक नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के मुताबिक सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद हत्यारोपी की तलाश तेज कर दी। गिरवां थानाध्यक्ष सुरेश कुमार सैनी, एसओजी प्रभारी आनंद कुमार, उप निरीक्षक सतीशचंद्र व दिलीप कुमार, हेड कांस्टेबल गोकुलेश मिश्रा, अश्विनी प्रताप सिंह, संदीप कुमार व आशीष शर्मा और कांस्टेबल गजेंद्र राजपूत, अमित त्रिपाठी, मनीष कुमार तथा कमल सिंह ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार को हत्यारोपी हमीरपुर जिले के विबांर थाना क्षेत्र के टीहर निवासी मोहित पुत्र नवल किशोर को गिरवां थाना क्षेत्र के स्योढा पुल से गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुये बताया कि पूर्व में हुई एक दुर्घटना को लेकर मृतक के बीच पुरानी रंजिश थी। इसी रंजिश के चलते योजना बनाकर हत्या कर दी। हत्यारोपी की निशाहदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त 315 बोर तमंचा, खोखा व जिंदा कारतूस बरामद किया।


# संक्षिप्त समाचार

## होली से पहले अवैध कच्ची शराब पर बड़ी कार्रवाई



उन्नाव। होली पर्व से पहले अवैध कच्ची शराब के खिलाफ पुलिस और आबकारी विभाग ने संयुक्त अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। मौरावां थाना क्षेत्र के असरेंदा गांव में छापेमारी के दौरान 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई, जबकि लगभग 50 क्विंटल महुआ व लहन मौके पर ही नष्ट कराया गया। कार्रवाई तेज बहादुर सिंह के नेतृत्व में की गई। अभियान में प्रशिक्षु आईपीएस संचित शर्मा, आबकारी निरीक्षक निशांत सिंह, एसएचओ मौरावां कुंवर बहादुर सिंह समेत पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम मौजूद रही। टीम ने ड्रोन कैमरे की सहायता से पूरे इलाके की निगरानी की। इस दौरान एक दर्जन से अधिक अवैध शराब की भट्ठियों को चिन्हित कर मौके पर ही ध्वस्त कर दिया गया। अधिकारियों के अनुसार त्योहार के मद्देनजर अवैध शराब के निर्माण व बिक्री पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मामले में मौरावां थाना में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि होली के मद्देनजर जनपद में अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## विद्यालय परिसर में छलका रंगों का उल्लास, उत्साह से मनी होली



उन्नाव। औरास का उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा परिसर शनिवार को रंगों की फुहार और बच्चों की खिलखिलाहट से गूंज उठा। छात्र-छात्राओं ने आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के संदेश के साथ होली का पर्व धूमधाम से मनाया। विद्यालय प्रांगण में बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। रंगों से सराबोर चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। गीत-संगीत और सामूहिक उत्सव ने माहौल को और भी उल्लासपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर शिक्षकों में प्रदीप वर्मा, शशि देवी, शाहे खुबा, रमनजीत कौर, इंद्रपाल ने बच्चों को सुरक्षित, संयमित एवं पर्यावरण हितैषी होली मनाने का संदेश दिया। साथ ही सामाजिक समरसता और आपसी एकता की भावना को मजबूत करने पर बल दिया गया। रंगों के इस पर्व ने विद्यालय परिवार में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार किया।

## बांगरमऊ की अर्चना देवी को 23 वर्ष से कम आयु महिला एकदिवसीय टीम की कप्तानी



बांगरमऊ। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड द्वारा 3 मार्च से महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित 23 वर्ष से कम आयु वर्ग की महिला एकदिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए बांगरमऊ की प्रतिभाशाली खिलाड़ी अर्चना देवी का चयन किया गया है। विशेष बात यह है कि बोर्ड ने उनकी नेतृत्व क्षमता पर विश्वास जताते हुए उन्हें टीम की कप्तानी सौंपी है। इस उपलब्धि से जनपद उन्नाव सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। क्षेत्र के ग्राम रतईपुरवा निवासी अर्चना देवी का चयन उनकी निरंतर साधना, अनुशासन और घरेलू स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम है। उन्होंने बीते वर्षों में अपने खेल कौशल से चयनकर्ताओं को प्रभावित किया है। इससे पूर्व भी वह वरिष्ठ महिला एकदिवसीय दल का नेतृत्व कर चुकी हैं तथा कई महत्वपूर्ण मुकाबलों में टीम को विजय दिलाई है। मैदान पर उनकी सूझबूझ, संयमित बल्लेबाजी और सटीक गेंदबाजी उन्हें विशिष्ट पहचान दिलाती है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता देशभर की उभरती महिला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करेगी। अर्चना की अगुवाई में टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। उनके चयन और कप्तान बनाए जाने की सूचना मिलते ही बांगरमऊ, उन्नाव तथा आसपास के क्षेत्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। खेल प्रेमियों ने इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया।

# आपसी भाईचारा, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाएं होली : जे.रीभा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। जिलाधिकारी जे.रीभा ने होली को लेकर जनपदवासियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। कहा है कि होलिका आबादी व आवासों के पास न जलाए। होलिका दहन के समय पूरी सावधानी बरतें और दूर रहकर तापें। गर्भवती व नवविवाहित महिलाएं होलिका के पास जाने से बचें। होली खेलने से पूर्व शरीर और बालों में नारियल, सरसों या जैतून का तेल लगाएं। यह त्वचा में सुरक्षा कवच का कार्य करता है। साथ ही रंगों के प्रभाव को कम करता है। ऐसे कपड़े का चुनाव करें जो पूरी तरह शरीर को ढक सके। आंखों को रंगों और पानी के बौछार से बचाव के लिए सुरक्षात्मक चश्मा पहनें। आंखों में रंग जाने पर तत्काल पानी से धोंए। आंखों को रगडे नहीं। केवल जैविक, प्राकृतिक, एवं हर्बल गुलाल का प्रयोग करें। गहरे, पक्के रंग, पेंट, या धातुयुक्त रंगों का प्रयोग नहीं करें। बच्चों को पानी के गुब्बारों से खेलने से बचाएं, पालतू जानवरों पर और आवारा पशुओं पर रंग न डालें। अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेंद्र ने नशा से दूरी बनाए रखने को नसीहत दी। कहा कि होली खुशी एवं सौहार्द का पर्व है। जिला आपदा विशेषज्ञ डा.प्रभाकर सिंह ने जनपद में किसी भी आपदा स्थित आने पर मदद के लिए कंट्रोल रूम, जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष संख्या 14 में टेलीफोन नंबर 05192-285260 और टोल फ्री नंबर-1077 पर काल कर सकते हैं।

# प्रभारी मंत्री ने नए गैस कनेक्शन के साथ लाभार्थियों को सौंपे रिफलिंग चेक

- कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ महिला सशक्तिकरण अभियान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत आयोजित समारोह में कैबिनेट व जिले के प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत लाभार्थियों को नए गैस कनेक्शन के साथ रिफलिंग चेक सौंपे। बताया कि जनपद के 1.86 लाख लाभार्थियों को लगभग 16.46 करोड़ की धनराशि उनके खाते में भेजी गई है। इस मौके पर लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण देखा गया।

औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, निवेश प्रोत्साहन विभाग व जिले के प्रभारी मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी की अध्यक्षता में शनिवार को कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में महिला सशक्तिकरण अभियान आयोजित हुआ। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना लाभार्थियों रमा तिवारी, पूजा सविता, कला, शिव देवी को नए कनेक्शन दिए। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के निःशुल्क रसोंई गैस रिफलिंग के लाभार्थियों रज्जुल, अंजू, कुसमा, पवन कुमारी, अनीता, शहनाज बेगम आदि को चेक सौंपे। प्रभारी मंत्री ने बताया कि जनपद के 1.86 लाख लाभार्थियों को लगभग 16.46 करोड़ की धनराशि उनके खाते में भेजी गई है।

कहा कि मुफ्त गैस सिलेंडर महिलाओं को धुएं में खाना बनाने से बचाव के लिए दिया जा रहा है। होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के साथ डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। बताया कि मोदी-योगी सरकारें महिलाओं का सशक्त बनाने को कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना समेत अन्य योजनायें संचालित कर रही है।

इस मौके पर डीएम जे.रीभा, सीडीओ अजय कुमार पांडेय, एडीएम कुमार धर्मेंद्र, एडीएम मदन मोहन वर्मा सहित जिला पूर्ति अधिकारी व अन्य अधिकारी तथा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थी उपस्थित रहे।

# लखीमपुर खीरी की 5.38 लाख महिलाओं को होली उपहार, सीएम ने भेजी सब्सिडी

- उज्ज्वला योजना से रोशन हुई होली, जनप्रतिनिधियों ने डीएम संग बांटे प्रतीकात्मक चेक
- मुख्यमंत्री के संबोधन की लाइव स्ट्रीमिंग, लाभार्थियों के चेहरों पर छलकी खुशी



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। महिलाओं की होली का त्यौहार रोशन करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत ?1,500 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी की सौगात दी। कलेक्ट्रेट में आयोजित भव्य कार्यक्रम में लखनऊ से लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन को देखा गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डीएसओ अंजनी कुमार सिंह ने किया।जनपदीय कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक योगेश वर्मा, विधायक विनोद शंकर अवस्थी और डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह और डीएसओ अंजनी कुमार सिंह के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद उज्ज्वला योजना की लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए।

विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं में महिलाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि उज्ज्वला योजना का फ़ेस 2 जल्द ही शुरू होगा। साथ ही, सरकार की ओर से सर्वाइकल कैंसर का मुफ्त टीकाकरण भी जल्द ही लागू किया जा रहा है। उन्होंने मातृ शक्ति के सशक्तिकरण को सरकार की मुख्य प्राथमिकता बताया और डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के कार्यों की सराहना की। विधायक धौरहरा, विनोद शंकर अवस्थी ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार की ओर से पर्व के अवसर पर निशुल्क गैस रिफिलिंग की सुविधा दी जा रही है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जनपद के समस्त लाभार्थियों को होली पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने अवगत कराया कि शासन द्वारा पीएम उज्ज्वला योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थी परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी की धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। उक्त व्यवस्था से जनपद की महिलाओं को विशेष रूप से लाभान्वित करते हुए त्योहार के अवसर पर उन्हें आर्थिक संबल प्रदान किया गया है।

### सिलेंडर को कराए रिफिल, खाते में पाए सब्सिडी : डीएसओ

डीएसओ अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि खीरी में 05 लाख 38 हजार 961 गरीब महिलाए उज्ज्वला योजना की लाभार्थी है। आधार प्रमाणित लाभार्थियों को निःशुल्क एलपीजी सिलेण्डर रिफिल का वितरण किया गया। योजना के तहत सर्वप्रथम लाभार्थी अपने स्तर से प्रचलित उपभोक्ता दर के अनुसार भुगतान कर 14.2 किलो का सिलेंडर रिफिल प्राप्त करेगा, जिसके बाद सब्सिडी उसके आधार प्रमाणित खाते में ऑयल कम्पनियों द्वारा अंतरित की जाएगी। इस अवसर पर सेल्स ऑफिसर इंडियन ऑयल के साथ में लखीमपुर के वितरक रानी सती इंडियन गैस सर्विस, निशांत इंडियन गैस सर्विस, खीरी राइस मिल एचपी गैस, भगवान भारत गैस के प्रोपराइटर मौजूद रहे।

# थाना समाधान दिवस : थाना खीरी में डीएम-एसपी ने सुनीं समस्याएं, दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। जनपद के सभी थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस एवं राजस्व से जुड़े मामलों की सुनवाई कर शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया शुरू की गई।

थाना खीरी में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने पहुंचकर फरियादियों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि राजस्व और पुलिस से संबंधित शिकायतों का निस्तारण आपसी समन्वय से सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता से समझें और आवश्यकतानुसार राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर विवादों का समाधान करे। गंभीर प्रकरणों में तत्काल एसडीएम एवं तहसीलदार को अवगत कराते हुए मौके पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। डीएम और एसपी ने प्राप्त प्रार्थना पत्रों की निष्पक्ष जांच कर विधिक कार्रवाई करते हुए समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत मैलानी की अनूठी पहल सरकारी विद्यालयों में बच्चों को बांटे रंग व पिचकारी



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मैलानी खीरी। होली के पावन पर्व को लेकर नगर पंचायत मैलानी ने सराहनीय पहल करते हुए क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को रंग एवं पिचकारी वितरित की गई। इस दौरान विद्यालयों में उत्साह, उमंग और उल्लास का माहौल देखने को मिला। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और खुशी साफ झलक रही थी। यह उपहार नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति महेश्वरी एवं उनके पति भवानी शंकर महेश्वरी की ओर से प्रदान किए गए। कार्यक्रम में सुभाष सक्सेना, गुरमीत कौर सहित सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकगण मौजूद रहे। नगर पंचायत की ओर से बच्चों को सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल रंग उपलब्ध कराए गए। साथ ही उन्हें होली का त्योहार प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने का संदेश भी दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### होली मिलन समारोह 8 मार्च को, मेधावी छात्र–छात्राओं का होगा सम्मान

गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला में श्री हरिद्वारी वैश्य समिति द्वारा आगामी 8 मार्च 2026 (रविवार) को सायं 3 बजे से होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी वैश्य समाज का पारंपरिक होली मिलन कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित होगा। समारोह का आयोजन श्री हरिद्वारी वैश्य धर्मशाला, मिल रोड, निकट गन्ना लाइन, गोला (खीरी) में किया जाएगा। समिति ने समाज के सभी बंधुओं से समय पर पहुंचकर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलने और प्रेम व सौहार्द का संदेश फैलाने की अपील की है। इस अवसर पर वर्ष 2025 में गोला नगर के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। पात्र विद्यार्थी अपने अंकपत्र की छायाप्रति, पता व मोबाइल नंबर अंकित कर ज्ञान मेडिकल स्टोर, मोहम्मदी रोड, गोला पर शीघ्र जमा करा दें। समारोह में अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता, महामंत्री अविनाश चन्द्र गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष सोहन लाल गुप्ता, उपमंत्री अमित गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार गुप्ता व राजीव गुप्ता सहित समस्त वैश्य बंधु उपस्थित रहेंगे। समिति (पंजीकरण संख्या 2997) ने अधिक जानकारी के लिए अध्यक्ष (मो. 9451389387) व महामंत्री (मो. 9451387325) से संपर्क करने की अपील की है।

### समाधान दिवस का हुआ आयोजन

शुक्लागंज-उन्नाव। शनिवार को गंगाघाट कोतवाली परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें नगर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने की। समाधान दिवस में लोगों ने राजस्व और पुलिस से जुड़ी विभिन्न शिकायतें अधिकारियों के सामने रखीं। दोपहर के समय जिले से सीओ सिटी दीपक सिंह भी कोतवाली पहुंचे और फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान पालिका कर्मी और राजस्व विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने संबंधित मामलों की जानकारी ली। कुल छह शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें पांच मामले राजस्व विभाग से संबंधित रहे, जबकि एक शिकायत पुलिस विभाग से जुड़ी थी। पुलिस से संबंधित मामले का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

### शिक्षा की गुणवत्ता सुधार पर जोर, उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

सफीपुर-उन्नाव। विकास खंड सभागार में शनिवार को एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक बंबालाल दिवाकर ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश रावत, खंड विकास अधिकारी श्वेता त्रिपाठी, खंड शिक्षा अधिकारी अनीता शाह सहित क्षेत्र के विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और शिक्षण कार्य में नवाचार अपनाने पर विशेष जोर दिया। साथ ही शिक्षकों से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर प्रधान अभिज्ञान त्रिपाठी, लकी रावत, अभिनव गौड़, जिला उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ सत्य प्रकाश द्विवेदी, अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ संजय सिंह, पूर्व अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, एआरपी रविकेश, बलबीर, धर्मेंद्र कुशवाहा, देवेंद्र कुशवाहा, नरेंद्र मौर्य, अवनींद्र गौड़, राजवीर यादव, दीप्ति द्विवेदी, रेशमा नकवी, रजनी कटियार, वीरेंद्र, अमरेंद्र यादव, आशीष गुप्ता व राघवेंद्र त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कवि विश्वनाथ तिवारी 'विश्व' ने किया।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद कन्नौज

पत्रांकः- 4738/ के0 जे0/क0अनु0/2025-26 दिनांकः 28.02.2026

**उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (1) ख के अन्तर्गत नाम परिवर्तन / नामांकन की सूचना**

एतद द्वारा सभी हितबद्ध भवन स्वामियों / हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है, कि कालम संख्या 02, 03, 04, 05, 06 पर अंकित विवरण पर यदि किसी भवन स्वामी/ किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के दिनांक से तीस दिन (30 दिन) के अन्दर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति नगर पालिका परिषद कन्नौज के कार्यालय में प्राप्त करा दे निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तिय पर कोई विचार नहीं किया जाएगा तथा नाम परिवर्तन / नामांकन को अंतिम रूप प्रदान करते हुए प्रस्तावित नाम को कर निर्धारण रजिस्टर में अंकित कर दिया जाएगा जिसके लिए नगर पालिका उत्तरदायी नहीं होगी। यह नाम परिवर्तन / नामांकन के वल गृहकर, जलकर की अदायगी पर ही प्रभावी होगा इससे किसी सम्पत्ति का स्वामित्त घोषित नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | भवन सं0 | मोहल्ले का नाम जिसमें स्थिति सम्पत्ति का नाम परिवर्तन/नामांकन प्रस्तावित है | विधमान भवन स्वामी/विक्रेता का नाम | प्रस्तावित नाम आवेदक का नाम) जो भवन/भूखण्ड पर दर्ज किया जायेगा। | गृहकर, जलकर के लिए मकान/भूखण्ड पर स्वामित्व परिवर्तन का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | नया प्लाट | मौजा अकबरपुर सरायघाघ | श्रीमती कुमुदिनी सिंह पत्नी श्री शिव प्रसाद सिह (नि0मो0 कुतलूपुर मकरन्दनगर कन्नौज) | श्रीमती राधा देवी पत्नी श्री विजय (नि0मो0 जैन मन्दिर छिपट्टी कन्नौज) | रजिस्टर बैनामा के आधार पर। |
| 2 | नया प्लाट | मौजा उमरपुर कीरत | श्री कमल कुमार उर्फ बड़े भईया पुत्र श्री सियाराम (नि0मो0 अरारावारी कन्नौज) | श्री राहुल पुत्र श्री श्रीकृष्ण व श्रीमती मधू देवी पत्नी श्री राहुल (नि0मो0 होली कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 3 | 66 | युसुफपुर भगवान | श्री परमेश्वरी कुशवाहा पुत्र स्व0 श्री छोटेलाल कुशवाहा (नि0मो0 युसुफपुर भगवान कन्नौज) | श्रीमती ऊषा वर्मा पत्नी श्री अखिलेश वर्मा (नि0मो0 गदनपुर बड्डू कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 4 | नया प्लाट | मौजा कन्दरौली बागर | श्री गुड्डन व चन्दर पुत्रगण जगन्नाथ (नि0 मो0 काजीपुरा कन्नौज) | श्री विकाश कुमार पुत्र श्री शिवकुमार (नि0 मो0 काजीपुरा कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 5 | नया प्लाट | मौजा उमरपुर कीरत | श्री नरेन्द्र कुमार व देवेन्द्र कुमार पुत्रगण श्री ओमप्रकाश (नि0 मो0 अरारावारी कन्नौज) | श्रीमती शहनाज बानी पत्नी श्री मो0 नवाब व मो0 नवाब पुत्र श्री मो0 रफी (नि0मो0 सफदरगंज कन्नौज) व श्रीमती उम्मतुन निंसा पत्नी श्री मो0 सलीम (निमो0 हाजीगज कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 6 | नया प्लाट | नसरापुर | श्रीमती रेनू यादव पत्नी श्री सुनील कुमार यादव, व श्रीमती निशा यादव पत्नी श्री मनीष कुमार यादव (हरदेवगज कन्नौज) | श्री आशीष कुमार यादव पुत्र श्री विनोद कुमार यादव (नि0मो0 हरदेवगंज कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 7 | नया प्लाट | मौजा उमरपुर कीरत | श्री रामशंकर पुत्र श्री राम नरायन नि0 मो0 (नि0मो0 हाजीगंज कन्नौज) | श्री फरमूद अली उर्फ लाल मिया पुत्र मन्सूर अली (नि0मो0 हाजीगंज कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 8 | नया प्लाट | अकबरपुर सरायधाध | श्रीमती नीतू यादव पत्नी श्री दीपक यादव (नि0मो0 चौधरी सराय अकबरपुर सरायघाध कन्नौज) | श्री अचल दुबे पुत्र स्व0 श्री प्रेमप्रकाश दुबे (नि0 ग्राम अकबरपुर सरामधाच कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 9 | 30 का आ0 भाग | जटपुरा | श्रीमती रशीदन बेगम पत्नी श्री स्व0 श्री नन्हें खां (नि0मो0 जटपुरा कन्नौज) | श्री अब्दुल समद पुत्र स्व0 श्री नन्हें खां (नि0मो0 जटपुरा कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैगामा के आधार पर। |
| 10 | नया प्लाट | अकबरपुर सरायघाघ | श्रीमती ऊषा देवी उर्फ ऊषा यादव पत्नी श्री कमलेश कुमार (नि0ग्राम गंगूपुर्वा बरौली) हाल नि0 श्री गणेश नगर बस्ती मो0 अकबरपुर सरायघाच मकरन्दनगर कन्नौज | श्री अजय पटेल पुत्र श्री राधेश्याम पटेल (नि0मो0 दुर्गा मन्दिर बैंक कालोनी सरायमीरा कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैगामा के आधार पर। |
| 11 | 54 | युसुफपुर भगवान | श्री श्रीशंकर पुत्र श्री हरीप्रसाद शर्मा (युसुफपुर भगवान कन्नौज) | श्री अखिलेश वर्मा पुत्र श्री राधा कृष्ण वर्मा (नि0मो0 गदनपुर बड्डू कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 12 | नया प्लाट | बजरिया सैययद मोहम्मद | श्री जगदीश पुत्र श्री मुंशीलाल (नि0मो0 पठकाना कन्नौज) | श्री मोहम्मद अनवार व सलमान पुत्रगण श्री मोहम्मद सरदार (निमो0 अहमदीटोला कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 13 | 308 का आ0 भाग | कुतलूपुर आं0 कन्नौज | श्री महेश उर्फ महेशचन्द्र व श्री राकेश पुत्रगण स्व0 श्री सधारी लाल (नि0मो0 कुतलूपुर मकरन्दनगर कन्नौज) | श्री आयुष त्रिपाठी पुत्र श्री कृष्ण मोहन (नि0 मो0 जी0टी0 रोड कुतलूपुर मकरन्दनगर कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 14 | नया प्लाट | अकबरपुर सरायघाघ | श्री कल्यान सिंह दोहरे पुत्र श्री श्यामलाल दोहरे (नि0ग्राम गौरियापुर पो0 मतौली तह0 व जि0 कन्नौज) | श्रीमती ऊषा चतुर्वेदी पत्नी श्री विशम्भरनाथ चतुर्वेदी व 1/2 भाग श्री अमरनाथ चतुर्वेदी पुत्र श्री शम्भूदयाल चतुर्वेदी 1/2 भाग (नि0ग्राम व पो0 गोधनी तह0 जि0 कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 15 | नया प्लाट | अकबरपुर सरायघाघ | श्री राज कुमार पुत्र स्व0 श्री रामस्वरूप (नि0मो0 अकबरपुर सरायघाघ कन्नौज) | श्री निर्मल कुमार पुत्र श्री महेन्द्र सिंह व श्री अनिल कुमार पुत्र श्री महेन्द्र सिंह (नि0 ग्राम सराय मारूफ पो0 कीरतपुर तह0 व जि0 कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 16 | नया प्लाट | ताजपुर नौकाश्त | श्री विपिन कुमार दीक्षित पुत्र स्व0 श्री वीरेन्द्र कुमार दीक्षित (नि0 मो0 आशा मोटर्स अशोक नगर सरायमीरा कन्नौज) | श्री श्यामजी गुप्ता पुत्र स्व0 श्री अशोक कुमार गुप्ता (नि0मो0 मौसमपुर मौरारा कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 17 | नया प्लाट | अकबरपुर सरायघाघ | श्री हरस्वरूप तिवारी पुत्र स्व0 श्री शिवगुलाम (नि0मो0 अकबरपुर सरायधाघ कन्नौज) | श्रीमती आरती सिंह पत्नी श्री जितेन्द्र सिंह कन्नौजिया (निमो0 कटरा बहादुर खां कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 18 | नया प्लाट | बजरिया सैय्यद मोहम्मद | श्री सुरेशचन्द्र पुत्र श्री मन्नालाल (नि0 मो0 बजरिया सैय्यद मोहम्मद कन्नौज) | श्री मोहम्मद सलीम पुत्र श्री मोहम्मद शफी (नि0मो0 सफदरगंज कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 19 | नया प्लाट | अकबरपुर सरायघाघ | श्री अपूर्व पुत्र स्व0 श्री हर्ष दुबे (नि0मो0 पंसारियान कन्नौज) | श्री नवनीत कुमार पुत्र श्री सुभाष कुशवाहा (नि0ग्राम व पो0 जलालाबाद तह0 व जि0 कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 20 | 81 | मुबारकपुर कन्नौज | श्री हरदीप कुमार शर्मा पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा (नि0मो0 मुबारकपुर टीला कन्नौज) | श्री शिवश्याम सिंह पुत्र श्री राम अवतार (नि0मो0 मुबारकपुर टीला कन्नौज) व श्री राधेश्याम पुत्र दीनदयाल (नि0 मो0 काजीपुरा कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 21 | 12 | काजीटोला आ0 | श्रीमती फरीदन निशा पत्नी श्री कय्यूम (नि0मो0 काजीटोला कन्नौज) | श्रीमती सनानूर पत्नी श्री मोहम्मद आरिफ (नि0मी0 काजीटोला कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 22 | नया प्लाट | अकबरपुर सरायघाघ | श्रीमती नेहा पाल पत्नी श्री अशोक कुमार पाल (नि0ग्राम रतना पुर पो0 बरौली पर0 तह0 जि0 कन्नौज) | श्रीनती अजू पत्नी श्री सुजीत कुमार दुबे (नि0ग्रान आकिलपुर पो0 तेरामल्लू जिए कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 23 | 75 | सरायमीरा ओ0 | श्री पुनीत कुमार गुप्ता पुत्र स्वः श्री सुन्दरलाल गुप्ता (नि0मो0 कटरा बहादुर कन्नौज) | श्रीमती बबिता पत्नी स्व0 श्री पुनील कुमार गुप्ता व पालक पुत्री स्व0 श्री पुनीत कुमार गुप्ता व पुत्र पार्थ गुप्ता स्व0 श्री पुनीत कुमार गुप्ता (निए मो0 कटरा बहादुर कन्नौज) | मृत्यु प्रमाण पत्र वारिसान प्रमाण पत्र के आधार पर। |
| 24 | नया प्लाट | अकबरपुर सरायघाघ | श्री अपूर्व पुत्र स्व0 श्री हर्ष दुबे (नि0मो0 पंसारियान कन्नौज) | श्री रामनरेश कुशवाहा पुत्र स्व0 श्री रामचन्द्र कुशवाहा व श्री प्रांजुल कुशवाहा पुत्र श्री रामनरेश कुशवाहा (नि0 ग्राम व पो0 जगना तह0 बिल्हौर जि0 कानपुर नगर) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 25 | नया प्लाट | मौजा कन्नौज बांगर | श्री शाहिद रजा पुत्र श्री सलामतुल्ला (नि0मो0 हम्मालीपुरा कन्नौज) | श्रीमती सीमा दुबे पत्नी श्री कमलेश दुबे (नि0मो0 काजीटोला कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कन्नौज।**

# शंकराचार्य का काम धर्म का प्रचार करना, न कि सरकार से लड़ना : ओम प्रकाश राजभर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश के जिला सुलतानपुर में कैबिनेट मंत्री ओपी राजभर ने कहा कि शंकराचार्य का काम धर्म का प्रचार-प्रसार करना है, लोगों को उस धर्म से जोड़ना है। संत महात्मा अगर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के खिलाफ बोल रहे हैं तो अपने दायरे से हटकर बोल रहे हैं। उन्होंने कहा शंकराचार्य को सत्ता के खिलाफ बयान देने से बचना चाहिए। सरकार ने उनका कौन सा नुकसान कर दिया है। आप कानून अपने हाथ में लेंगे तो कानून अपना काम करेगा।

वह जिले में शनिवार को समन्वय समिति की बैठक में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए शंकराचार्य विवाद पर बयान दिया। उन्होंने कहा शंकराचार्य का काम ये नहीं कि वो मुख्यमंत्री से लड़े, उनके खिलाफ अनर्गल बयानबाजी करें। प्रधानमंत्री के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी देना। उन्होंने कहा हम मान लेते हैं इस बार उनके खिलाफ कार्रवाई ग़लत हुई, लेकिन 1990 में समाजवादी पार्टी की सरकार में उनके खिलाफ एफआईआर क्यों हुई। क्यों उन्हीं के खिलाफ होता है और भी तो शंकराचार्य हैं। कथित शराब घोटाले मामले में केजरीवाल और सिसौदिया आदि के बरी होने के सवाल पर उन्होंने कहा चाहे सीबीआई हो,चाहे ईडी हो ये स्वतंत्र एजेंसी है। जब उसको कोई एप्लिकेशन देता है तो वो जांच करती है। इससे सरकार का क्या लेना देना है। सरकार अगर कोई मुकदमा लिखाए तब तो सरकार दोषी है। जब ख़ुद एजेंसी मुकदमा लिखा रही है,वो कोर्ट में साबित नहीं कर पा रही है तो उसमें सरकार का क्या दोष है। ऐसे अधिकारी जो भ्रष्ट काम कर रहे हैं उन पर कार्रवाई होना चाहिए, हम इसके पक्षधर हैं। पंचायत चुनाव को लेकर उन्होंने फिर कहा है कि 15 अप्रैल को मतदाता सूची का प्रकाशन होने जा रहा है। लोगों में जो भ्रम की स्थिति है,वो ये कि एसआईआर में सारे अधिकारी लगे हुए हैं। बोर्ड परीक्षा चल रही है। जनगणना सामने है इसको लेकर लोगों में भ्रम है। चुनाव समय पर होगा।

# होली पर्व के दौरान, यात्रा सुगम बनाने के लिए उत्तर रेलवे पूरी तरह तैयार

● महाप्रबंधक ने नई दिल्ली और आनंद विहार स्टेशनों का किया निरीक्षण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



नई दिल्ली। आगामी होली पर्व के दौरान यात्रियों की यात्रा सुगम बनाने के मद्देनजर, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक राजेश कुमार पांडे ने आज नई दिल्ली और आनंद विहार टर्मिनल रेलवे स्टेशनों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य त्योहार के दौरान भीड़ प्रबंधन, यात्री सुरक्षा और स्वच्छता के उच्च मानकों को सुनिश्चित करना था। महाप्रबंधक के साथ दिल्ली के मंडल रेल प्रबंधक पुष्पेश रमन त्रिपाठी और उत्तर रेलवे मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने इन व्यस्त स्टेशनों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान, महाप्रबंधक ने स्टेशन परिसरों और प्लेटफार्मों पर जाकर यात्रियों से सीधा संवाद किया। यात्रियों ने होली पर्व के दौरान की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया और विशेष रूप से निम्नलिखित बिंदुओं की सराहना कीः सुगम व्यवस्थाः यात्रियों ने बताया कि प्रवेश द्वारों पर सुगम आवाजाही है और टिकट काउंटरों पर कोई विशेष भीड़ नहीं दिख रही है।व्यवस्थित होल्डिंग एरियाः यात्रियों ने होल्डिंग एरिया (प्रतीक्षा क्षेत्रों) के प्रबंधन की प्रशंसा की, जिससे प्लेटफार्मों पर अधिक भीड़ जमा नहीं हो रही है। स्वच्छताः भारी भीड़ के बावजूद स्टेशन परिसर में स्वच्छता के बेहतर स्तर को देखकर यात्री प्रभावित नजर आए। सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण पर विशेष ध्यान-महाप्रबंधक ने फुट ओवर ब्रिज (क्षउ), एस्केलेटर और प्लेटफार्म प्रवेश द्वारों जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर कर्मचारियों की तैनाती की समीक्षा की। ''प्रत्येक यात्री की गरिमा और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है,'' महाप्रबंधक ने कहा। ''होल्डिंग एरिया और प्लेटफार्मों पर भीड़ के प्रवाह की रीयल-टाइम मॉनिटरिंग करके हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि त्योहारी यात्रा यात्रियों के लिए परेशानी के बजाय आनंदमयी हो।

## छात्र हितों को लेकर माले ने किया प्रदर्शन

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जमालपुर ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम संबोधित मांग पत्र खंड विकास अधिकारी डॉ. रक्षिता सिंह को सौंपा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने छात्र हितों और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए जोरदार आवाज बुलंद की। मांग पत्र में 'रोहित एक्ट' को तत्काल लागू करने की मांग की गई। साथ ही कार्यकर्ताओं ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली के कुलपति पर जातिवादी मानसिकता का आरोप लगाते हुए उन्हें पद से हटाने की मांग की। छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई।

# होली को लेकर बाजारों में रौनक, हर्बल गुलाल की बढ़ी मांग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



जौनपुर। रंगों का पर्व होली इस बार रंगभरी एकादशी से शुरू होकर मुख्य पर्व तक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। त्योहार नजदीक आते ही शहर से लेकर गांव तक बाजारों में रौनक बढ़ गई है। रंग, गुलाल और पिचकारियों से सजी दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। खास बात यह है कि इस वर्ष लोगों में हर्बल गुलाल के प्रति विशेष आकर्षण देखा जा रहा है।

शहर के प्रमुख बाजारों में ओलंदगंज, कोतवाली चौराहा, चहारसू चौराहा, पॉलिटेक्निक चौराहा, लाइन बाजार और कचहरी क्षेत्र में रंग-बिरंगे गुलाल और अबीर से दुकानें सजी हुई हैं। बच्चों के लिए आकर्षक पिचकारियां और पानी के टैंक भी बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। दुकानदारों का कहना है कि इस बार लोग केमिकल रंगों की बजाय त्वचा के अनुकूल हर्बल उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं। होली के पारंपरिक व्यंजनों की तैयारी भी जोरों पर है। आलू, साबूदाना और मूंग के पापड़ के साथ-साथ चावल, मक्का और साबूदाना के चिप्स की दुकानों पर अच्छी बिक्री हो रही है। मैदा, रिफाइंड तेल और मसालों की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग शहर पहुंचकर त्योहार से जुड़ी खरीदारी कर रहे हैं। जिले के अन्य प्रमुख बाजारों-शाहगंज, खेतासराय, मछलीशहर, मड़ियाहूं, केराकत और जलालपुर–में भी होली की तैयारियां तेज हैं। इस वर्ष होलिका दहन 2 मार्च को तथा रंगोत्सव 4 मार्च को मनाया जाएगा। त्योहार को लेकर लोगों में उत्साह और उमंग का माहौल है, जिससे बाजारों में रौनक चरम पर पहुंच गई है।

## वैज्ञानिक सोच ही आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की आधारशिला : प्रो. वंदना सिंह

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) संस्थान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन शनिवार को आर्यभट्ट सभागार में हुआ। कार्यक्रम में शिक्षक, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि वैज्ञानिक सोच ही आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों से नवाचार, शोध एवं सृजनात्मक चिंतन को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं को तार्किक एवं प्रयोगधर्मी दृष्टिकोण विकसित करना होगा। उन्होंने सरकार द्वारा स्टार्टअप, इनक्यूबेशन और अनुसंधान को दिए जा रहे प्रोत्साहन का भी उल्लेख किया। मुख्य वक्ता बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के प्रो. बाल चन्द्र यादव ने नैनोसाइंस सहित नवीन वैज्ञानिक अनुसंधानों और वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारत की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था का है, जिसमें शोध और नवाचार की महत्वपूर्ण भूमिका है। विशिष्ट वक्ता बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. मृत्युञ्जय पाण्डेय ने गुणवत्तापूर्ण एवं नैतिक शोध की आवश्यकता पर बल दिया और युवाओं को मौलिकता व समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
मेजर के किशोर
हरीशंकर शुक्ल पीपीएस (रि)

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**कार्यकारी संपादक**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
मनोज कुमार शुक्ला

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# सुलतानपुर एसपी ने पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र में किए बदलाव

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर। होली पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने शनिवार को बड़े पैमाने में पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। एसपी ने एक निरिक्षक, पंद्रह उप निरिक्षक और हेड कंास्टेबल व कंास्टेबल को इधर से उधर किया है। इनमें निरीक्षक पंडित त्रिपाठी को जांच प्रकोष्ठ से अपराध शाखा लंभुआ का निरीक्षक बनाया है। उप निरीक्षक वासुदेव यादव फील्ड यूनिट में भेजा है। उप निरीक्षक ज्ञान बहादुर यादव को प्रभारी फिंगर प्रिंट बनाया गया है। उप निरीक्षक राम सिंह को जेल सुरक्षा पर लगाया गया है। इनके अलावा उप निरीक्षक रमेश शुक्ला को लंभुआ, उप निरीक्षक महेंद्र कुमार राय को बल्दीराय, उप निरीक्षक जीतेन्द्र सिंह चौहान को कुड़वार, उप निरीक्षक बृजेन्द्र कुमार सिंह को कुड़वार, उप निरीक्षक श्याम कुमार सिंह को न्यायालय सुरक्षा, उप निरीक्षक जगदीश यादव को लंभुआ, उप निरीक्षक संजय चौबे को लंभुआ, उप निरीक्षक भरत सिंह को बल्दीराय, उप निरीक्षक विजय प्रताप को बल्दीराय, उप निरीक्षक राम बाबू सिंह को बल्दीराय, उप निरीक्षक नदीम अहमद न्यायालय सुरक्षा में तैनात किए गए हैं। हेड कंास्टेबल दुर्गा प्रसाद पांडेय को हेड पेशी पर भेजा गया है। हेड कंास्टेबल को हेड मोहर्रिर कादीपुर, हेड कंास्टेबल राज कमल तिवारी को हेड मोहर्रिर मोतिगरपुर, आरक्षी अजीत यादव को फील्ड यूनिट, हेड कंास्टेबल शशिकांत मिश्रा को हेड मोहर्रिर हलियापुर बनाया है। इनके अलावा हेड कंास्टेबल धीरेन्द्र कुमार को गोसाईंगंज, हेड कंास्टेबल रिजवान अहमद को हेड पेशी सीओ कादीपुर, कंास्टेबल अरविन्द कुमार पासवान को फील्ड यूनिट, हेड कंास्टेबल अबू हमजा को सीसीटीएनएस कूरेभार और हेड कंास्टेबल राजकुमार शुक्ला को एसओजी से कादीपुर भेजा गया है।

# 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' कार्यक्रम में किट व शील्ड देकर बच्चों को किया सम्मानित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में बीआरसी अजीतमल में शनिवार को 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को सुदृढ़ करते हुए उनमें बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान विकसित करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीन कुमार, सीडीपीओ छाया तथा डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. विजय राजपूत द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया जबकि संचालन ऋतुराज दुबे ने किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीन कुमार ने कहा कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा उनके भविष्य की मजबूत नींव होती है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बच्चों को खेल-खेल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, जिससे उनका शैक्षिक आधार मजबूत बन सके। डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. विजय राजपूत ने कहा कि निपुण मिशन अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों में बुनियादी साक्षरता और गणनात्मक दक्षता विकसित करना है, ताकि वे आगे की कक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में सकारात्मक परिणाम मिलने की उम्मीद जताई। इस अवसर पर बच्चों को किट एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया । इस मौके पर शिक्षकों द्वारा टीएलएम के आकर्षक स्टॉल भी लगाए गए। कार्यक्रम में एआरपी विनीत गुप्ता, शैलेन्द्र बाबू पाल, अरुण कुमार तोमर, नोडल संकुल शिक्षक अरुण दीक्षित, बृजेन्द्र दीक्षित, अखिलेश अग्रवाल, महेश शर्मा, रामजीवन, अभिनव दीक्षित, छत्रपाल सिंह, हर्ष पाण्डेय, मीना सेंगर, जितेन्द्र पाल सिंह, किशोर राठौर, राघवेंद्र राजपूत, संकुल शिक्षक शशांक सैनी, नरेन्द्र कुशवाहा, अरुण कुमार, रचना सैनी, हेमंत कुमार, मोनिका द्विवेदी, शैलजा वर्मा सहित बीआरसी स्टाफ, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

# वाराणसी के मणिकर्णिकाघाट पर जलती चिताओं के बीच खेली गई चिता भस्म की होली

■ डमरुओं की गूंज, 'हर-हर महादेव' के उद्घोष और भस्म-अबीर से सजी बाबा महाश्मशाननाथ की आरती

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी (काशी )में रंगभरी एकादशी के अगले दिन शनिवार को मोक्षतीर्थ मणिकर्णिका घाट पर परंपरागत चिता-भस्म की होली धधकती चिताओं के बीच श्रद्धा और पूरे उल्लास के साथ खेली गई। हजारों काशीवासियों ने 'हर-हर महादेव' के जयघोष और विशाल डमरुओं की निनाद के बीच बाबा महाश्मशाननाथ के विग्रह पर चिता-भस्म, अबीर और गुलाल अर्पित कर उत्सव में भागीदारी की। घाट पर 'खेलें मसाने में होरी दिगंबर' गीत की स्वर-लहरियों पर युवा देर तक जलती चिताओं के मध्य सामूहिक रूप से थिरकते रहे। काशी में मृत्यु को भी उत्सव के रूप में स्वीकार करने की परंपरा का जीवंत दृश्य महाश्मशान घाट पर देखने को मिला। इससे पूर्व चिता-भस्म की होली में शामिल होने के लिए घाट पर औघड़, अघोरी, साधु-संत, शिवभक्त, स्थानीय नागरिक और बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक उमड़ पड़े। नव-निर्माण कार्य के कारण घाट पर श्रद्धालुओं के लिए स्थान सीमित रहा। एक ओर अंतिम संस्कार के लिए शवों की कतार थी, तो दूसरी ओर 'हर-हर महादेव' के गगनभेदी उद्घोष करते युवाओं का हुजूम। काशी की मान्यता के अनुसार, बाबा विश्वनाथ के गौना उत्सव में उनके गण–पिशाच, भूत-प्रेत, डाकिनी-शाकिनी, औघड़ और अघोरी–ससुराल पक्ष के आग्रह पर सम्मिलित नहीं हो पाते। ऐसे में महादेव अपने गणों को निराश नहीं करते और गौना के अगले दिन मणिकर्णिका पर उनके साथ चिता-भस्म की होली खेलते हैं। इसी पौराणिक परंपरा के निर्वाह में रंगभरी एकादशी के अगले दिन यह अनूठा आयोजन किया जाता है। चिता-भस्म की होली से पूर्व मणिकर्णिका घाट स्थित बाबा महामशानेश्वर महादेव मंदिर में व्यवस्थापक गुलशन कपूर और चैनू प्रसाद की देखरेख में विधिवत मध्याह्न आरती संपन्न हुई। आरती के उपरांत आयोजन समिति के पदाधिकारियों और युवाओं की टोली डमरू और नगाड़ों की थाप पर 'हर-हर महादेव' के जयकारों के साथ चिता-भस्म की होली में शामिल हुई।

राग और विराग के इस अद्वितीय संगम को कैमरे में कैद करने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक घाट पर डटे रहे। शिव आराधना समिति से जुड़े डॉ. मृदुल मिश्र तथा शिवभक्त संजय पांडेय ने बताया कि काशी में मंदिर, देवस्थान और महाश्मशान का महात्म्य समान माना जाता है। यहां महादेव तारक मंत्र देकर जीवों को मोक्ष प्रदान करते हैं, और उसी भाव से भस्म की होली खेली जाती है। काशी में जीवन और मृत्यु को समभाव से स्वीकार करने की परंपरा के बीच चिता-भस्म की यह होली आस्था, अध्यात्म और अनूठी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। जीवन के शाश्वत सत्य से परिचित कराने वाले महाश्मशान घाट पर हर ओर डमरू की डमडमाहट के साथ चिता की भस्म महाश्मशाननाथ को अर्पित कर इस उत्सव की शुरूआत होती है।

# समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना चिकित्सा विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी : डॉ. रजनी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



देवरिया। आगामी 3 मार्च को विश्व श्रवण दिवस के पूर्व आज (शनिवार) को देवरिया जिले के महर्षि देवरा बाबा मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को कानों की नियमित देखभाल, श्रवण क्षमता की सुरक्षा तथा समय-समय पर श्रवण जांच कराने के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता संदेश के साथ की गई, जिसमें बताया गया कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली और तेज ध्वनि प्रदूषण के कारण सुनने से संबंधित समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में समय पर सावधानी और नियमित जांच बेहद आवश्यक है।

कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रजनी पटेल भी उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्रों की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना चिकित्सा विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल जनहित में उपयोगी हैं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में भी सहायक होते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से कानों की स्वच्छता बनाए रखने के सही तरीके, तेज आवाज और लाउड म्यूजिक से होने वाले दुष्प्रभाव, लंबे समय तक ईयरफोन के उपयोग से होने वाली संभावित हानि तथा सुनने में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। छात्रों ने पोस्टर, स्लोगन और लघु प्रस्तुतियों के माध्यम से भी जागरूकता फैलाने का कार्य किया। अंत में विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि समय रहते जांच और सावधानी बरतने से श्रवण हानि को काफी हद तक रोका जा सकता है। कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला और उपस्थित लोगों ने भी इसे एक सराहनीय व प्रेरणादायक पहल बताया। इस अवसर पर गगन, अनुकृति, प्रीति, सुशील, शिवम चौरसिया, आरुल विशेन, शिवांशी मिश्रा, सर्वेश गुप्ता, आंचल शुक्ला, निश्चम खतरी, अनुष्का राव, कृष्णा गुप्ता, अमोद त्रिपाठी, अनु शल चक तथा विकास गुप्ता सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। विद्यार्थियों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की और लोगों से सीधे संवाद स्थापित कर उन्हें जागरूक किया।